राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 95 पृष्ठः 10 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# हंगामे की भेंट चढ़ा बजट सत्र...

### राज्यसभा और लोकसभा अगले सत्र तक के लिए स्थगित, विपक्षी दलों ने तिरंगा यात्रा निकाली, रिजिजू बोले- कांग्रेस ने सदन का अपमान किया

**हंगामा...हंगामा...हंगामा**

**= संसद स्थगित होने के बाद कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दलों ने विजय चौक पर तिरंगा मार्च किया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद के बजट सत्र का आखिरी दिन की कार्यवाही भी हंगामे के चलते नहीं हो पाई। इसके साथ ही राज्यसभा और लोकसभा अगले सत्र तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। संसद स्थगित होने के बाद कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दलों ने विजय चौक पर तिरंगा मार्च किया। अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति की मांग को लेकर अड़ी कांग्रेस और 12 अन्य विपक्षी दलों ने विरोध जताने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की तरफ से रखी गई शाम की चाय की पार्टी का बहिष्कार कर दिया है।

**एक दिन भी नहीं चली सदन की कार्यवाही:** पिछली 14 बैठकों के दौरान दोनों सदनों में अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की मांग और राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने को लेकर खूब हंगामा हुआ। भाजपा सांसदों ने भी राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान को लेकर हंगामा किया। इनके चलते सदन की कार्यवाही एक भी नहीं चल पाई।

**रिजिजू बोले- कांग्रेस ने सदन का अपमान किया:** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज फिर कांग्रेस सांसदों और बाकी विपक्षी नेताओं ने मिलकर सदन में हंगामा किया। आज उन्होंने फिर काले कपड़े पहनकर सदन का अपमान किया। ये देश देख रहा है कि कांग्रेस क्या कर रही है।

**शाम की चाय बैठक का कांग्रेस ने किया बहिष्कार**

**संसद** के बजट सत्र के अंतिम दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा आयोजित सांसदों की शिष्टाचार बैठक में पीएम मोदी उपस्थित रहें। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आयोजित की जाने वाली 'शाम की चाय' बैठक में कांग्रेस सहित 13 राजनीतिक दल शामिल नहीं हुए।

## हम जेपीसी की कर रहे हैं मांग: खरगे



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार से अदाणी मामले में सवाल किया, 'किन-किन देशों के प्रधानमंत्रियों और उद्योगपतियों से वे(अदाणी) मिले? इस पर चर्चा होनी चाहिए। हम जेपीसी की मांग कर रहे हैं। इसमें उन्हें कोई नुकसान नहीं होने वाला था। उनके पास बहुमत है तो ज्यादा लोग आपके रहेंगे। इसके बावजूद वे(भाजपा) जेपीसी से क्यों डर रहे हैं?'

**'50 लाख करोड़ का बजट केवल 12 मिनट में पास'**: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'सरकार ने इस बजट को चर्चा में नहीं लाने का पूरा प्रयास किया। मोदी सरकार लोकतंत्र की बहुत बातें कहती है लेकिन जो कहती है उसके तहत चलती नहीं हैं। 50 लाख करोड़ का बजट केवल 12 मिनट में पास किया गया है। वे हमेशा कहते रहे कि विपक्ष को दिलचस्पी नहीं है लेकिन विघ्न तो सरकार की तरफ से हुआ है।'



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक कार्यक्रम में हिस्सा लेती हुई।

## ब्याज दर नहीं बदली, 6.50% ही रहेगी रेपो रेट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने गुरुवार को रेपो रेट में इजाफा न करने का फैसला किया। यानी ब्याज दर 6.50% बनी रहेगी। इससे पहले आरबीआई ने रेपो रेट में लगातार 6 बार इजाफा किया था। आरबीआई के फैसले से पहले एक्सपर्ट अनुमान लगा रहे थे कि रेपो रेट में 0.25% का इजाफा किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में फेडरल रिजर्व, यूरोपियन सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंग्लैंड समेत दुनिया के तमाम सेंट्रल बैंकों ने ब्याज दरें बढ़ाई थीं। आरबीआई ने 2022-23 में 6 बार में ब्याज दरों में 2.50% की बढ़ोतरी की है। मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। पिछले वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी।

## मालेगांव ब्लास्ट: एक और गवाह मुकरा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
2008 में हुए मालेगांव ब्लास्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान एक और गवाह पलट गया। ये 34वां गवाह था, जो कोर्ट में अपने बयान से मुकर गया। गवाह एक रिटायर्ड मिलिट्री अफसर है। बताया जा रहा है कि वह लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित को जानता था। कर्नल पुरोहित मामले में मुख्य आरोपी है। एनआईए की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई के दौरान उसने बताया कि बंदूक की नोक पर उसके बयान दर्ज करवाए गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मालेगांव ब्लास्ट मामले में 20 गवाहों की गवाही और बाकी है। मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल यानी आज होगी। पहले कर्नल पुरोहित से मिलने की बात कबूली थी; अब बोला- दबाव में ऐसा कहा: इस मामले में एटीएस ने उसका बयान दर्ज किया था, जिसमें गवाह ने आरोपी कर्नल पुरोहित से मिलने की बात कबूली थी।

## प्राकृतिक खेती और क्लस्टर आधारित कृषि विकास कार्यक्रम पर हुई चर्चा



**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में क्लस्टर आधारित कृषि विकास कार्यक्रम और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर वीरवार को राज्य सचिवालय में कृषि सचिव राकेश कंवर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कृषि सचिव ने कृषि अधिकारियों के साथ बजट में क्लस्टर आधारित कृषि विकास कार्यक्रम को लेकर की गई घोषणा के तहत किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में चल रहे प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत जुड़े किसानों के क्षमता विकास और उनके प्रमाणीकरण करने के काम में तेजी लाने को लेकर निर्देश दिए। प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक नरेश ठाकुर ने प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## 'जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद कम हुआ'



**सफाया होगा**

**= आतंकवादियों की संख्या पहले के मुताबिक सबसे कम हुई है। इसके लिए कोई आंकड़ा अभी जारी नहीं किया**

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** में आतंकी संगठनों और आतंकियों को सफाया करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच गुरुवार को डॉयरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस दिलबाग सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह कम जरूर हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की संख्या पहले के मुताबिक सबसे कम हुई है। हालांकि, इसके लिए उन्होंने कोई आंकड़ा अभी जारी नहीं किया है। दिलबाग सिंह ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में जो आतंकी बचे हैं, उन्हें भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। अगर पकडे नहीं गए तो उन्हें एनकाउंटर में मार दिया जाएगा।

**आतंकवाद विनाश का रास्ता होता है, युवा समझ गए:** डीजीपी सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कई युवाओं को आतंकवाद की ओर धकेला दिया गया था। अब वह उस रास्ते को छोड़कर मुख्यधारा की ओर लौट आए हैं। युवा अब समझ गए हैं कि आतंकवाद विनाश का रास्ता होता है। आज वहां के युवाओं के पास खेल और शिक्षा में करियर के अलावा कई रास्ते हैं। कई युवा अपना करियर बनाकर परिवार के लिए काम कर रहे हैं। पाकिस्तान लगातार जम्मू-कश्मीर में ड्रोन के जरिए घुसपैठ करने की कोशिश करता है।

# भाजपा हनुमानजी की तरह काम करती है: पीएम मोदी

### विपक्षी दल भाजपा के काम को पचा नहीं पा रहे हैं, ये हताश लोग कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा ने** गुरुवार को अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को 45 मिनट तक संबोधित किया। हनुमान जयंती है तो उनके कामों का उदाहरण देकर भाजपा की कार्यशैली का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हनुमानजी के 'कैन डू' एटीट्यूड की तरह काम करती है और सबकी मदद करने की कोशिश भी करती है। पीएम ने जनसंघ और आज की भाजपा की बात की। कहा कि कार्यकर्ता अतिआत्मविश्वास में ना रहें। लोगों से जुड़ें। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों पर निशाना साधा। कहा कि ये दल भाजपा के काम को पचा नहीं पा रहे हैं। ये हताश लोग कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। उन्होंने भाजपा के फ्यूचर प्लान को भी कार्यकर्ताओं के साथ शेयर किया। मोदी ने कहा, 'आज तक जिन महान लोगों ने पार्टी को संवारा है, समृद्ध और सशक्त किया है, उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को शीश झुकाकर प्रणाम करता हूं।'

**मोदी मंत्र**


**= भाजपा हनुमानजी के 'कैन डू' एटीट्यूड की तरह काम करती है और सबकी मदद करने की कोशिश भी करती है**

## कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के दिग्गज नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विवादास्पद बीबीसी डॉक्यूमेंट्री की आलोचना करने वाले उनके ट्वीट के बाद जनवरी में उन्होंने कांग्रेस में सभी भूमिकाओं से इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, वी मुरलीधरन और भाजपा की केरल इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने नई दिल्ली में औपचारिक कार्यक्रम में अनिल एंटनी का अपनी पार्टी में स्वागत किया।

## सिंधु जल समझौते पर पुनर्विचार कर रहा भारत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विदेश** मंत्रालय ने कहा है कि सिंधु नदी जल समझौते पर पुनर्विचार और बदलाव के भारत के नोटिस के बारे में पाकिस्तान की ओर से तीन अप्रैल को उत्तर मिला है, जिसका अध्ययन किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत ने गत 25 जनवरी को समझौते में बदलाव करने के बारे में पाकिस्तान को नोटिस भेजा था, जिसका पाकिस्तान के सिंधु जल आयोग की ओर से उत्तर मिला है। इसका अध्ययन किया जा रहा है।





## 24 घंटे में कोरोना के 5335 नए केस, 13 मौतें

**नई दिल्ली:** देश में साढ़े 6 महीने बाद कोरोना के नए मामले 5 हजार से ज्यादा आए हैं। बुधवार को 5,335 नए मामले मिले, जबकि 13 लोगों की मौत हुई। इससे पहले 22 सितंबर को 5,383 मामले सामने आए थे। बुधवार को 2,826 लोग इस बीमारी से ठीक भी हुए। फिलहाल देश में 25,587 एक्टिव केस हैं। ये 9 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा हैं। तब 25,488 लोगों का इलाज चल रहा था। आईआईटी कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि देश में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से डरने की जरूरत नहीं है।

# कनाडा के हिंदू मंदिर में फिर हुई तोड़फोड़

**टीम एक्शन इंडिया/कनाडा**
**कनाडा में** एक बार फिर हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है।

ओंटारियो प्रांत के विंडसर शहर में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई है और नफरत भरे नारे लिखे गए हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार घटना के मद्देनजर दो संदिग्धों की तलाश है। विंडसर पुलिस अधिकारियों की माने तो BAPS श्री स्वामीनारायण मंदिर के बाहर दीवार पर हिंदू-विरोधी और भारत-विरोधी नारे काले रंग के पेंट से लिखे गए हैं।



**वीडियो में तोड़फोड़ करते दिखे लोग:** विंडसर पुलिस ने आगे कहा कि हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ की जांच घृणा से प्रेरित घटना के रूप में की जा रही है। शुरूआती जांच में अधिकारियों ने एक वीडियो प्राप्त किया है, जिसमें दो संदिग्धों को रात 12 बजे के बाद इलाके में देखा गया है। वीडियो में, एक संदिग्ध इमारत की दीवार पर तोड़फोड़ करता हुआ दिखाई देता है, जबकि दूसरा उसके साथ खड़ा है।

**संदिग्धों का हुलिया पता चला:** पुलिस ने बताया कि घटना के समय, एक संदिग्ध ने काले रंग का स्वेटर, बाएं पैर पर एक छोटे से सफेद लोगो के साथ काली पैंट और काले और सफेद रंग के हाई-टॉप रनिंग शूज पहने थे। दूसरे संदिग्ध ने काली पैंट, एक स्वेटशर्ट, काले जूते और सफेद मोजे पहने थे।

**वृद्धि नहीं होगी** अक्सर देखा गया है कि निर्माणाधीन भवनों और सड़कों की निमाण लागत बेतहाशा वृद्धि हुई

# भवनों और सड़कों का होगा कंस्ट्रक्शन ऑडिट: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश में जल्द ही भवनों और सडकों के निर्माण पर आने वाले खर्च में बेवजह वृद्धि नहीं होगी और इनका निर्माण पहले से स्वीकृत बजट राशि में होगा। इसके लिए सरकार ने भवनों और सडकों का कंस्ट्रक्शन ऑडिट करवाने का निर्णय लिया है। यह घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीरवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते पांच सालों में अक्सर देखा गया है कि निमाणार्धीन भवनों और सडकों की निर्माण लागत बेतहाशा वृद्धि हुई है। यह वृद्धि विभिन्न विकास योजनाओं की डीपीआर बनाए जाने के बावजूद हुई है। इसी के चलते सरकार ने सडकों और भवनों की डीपीआर को एग्जामिन करने और इनका कंस्ट्रक्शन ऑडिट करने का निर्णय लिया ताकि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ऐसी विकास योजनाओं में कीमत में होने वाली कीमत को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश इस समय आर्थिक बदहाली से गुजर रहा है। उन्होंने इसके लिए पूर्व भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उसने चुनावी वर्ष में बेहताशा संस्थान खोल दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर होता कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मंडी कालेज भवन का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए पर्याप्त बजट जारी करते और इसके बाद अन्य संस्थान खोलते। उन्होंने कहा कि हम मंडी कालेज भवन का निर्माण पूरा करने के लिए धीरे-धीरे धन जारी करते रहेंगे और इसे जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे। इससे पूर्व, भाजपा सदस्य अनिल शर्मा के मूल प्रश्न के उत्तर में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी कालेज भवन का निर्माण कार्य इसी साल पूरा हो जाएगा।

# चौ. देवीलाल ने गरीबों का किया उत्थान : डिप्टी सीएम

## चिकित्सा , शिक्षा , मीडिया समेत कई क्षेत्र की विभूतियों को "चौधरी देवीलाल गौरव सम्मान" से नवाजा

**8 गरीब मजदूर व किसान वर्ग के उत्थान के लिए जो काम किए उनको आज भी लोग याद करते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/नई दिल्ली**
भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने वैसे तो प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए कार्य किए थे, परन्तु उन्होंने गरीब मजदूर व किसान वर्ग के उत्थान के लिए जो काम किए उनको आज भी लोग याद करते हैं। यह विचार हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने " भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि " के अवसर पर नई दिल्ली के 'ली -मेरीडियन होटल' में " मेरी मां फाउंडेशन " द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ने चिकित्सा , शिक्षा , मीडिया समेत कई क्षेत्र की विभूतियों को "चौधरी देवीलाल गौरव सम्मान" से भी नवाजा।दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जब जननायक चौ. देवीलाल राजनीति में आये तो वे भली -भांति जानते थे कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है और ग्रामीण समाज अज्ञानता व बेरोजगारी से जूझ रहा है। उन्हें पता था कि किसानों, कामगारों, छोटे काश्तकारों एवं दुकानदारों व गरीब तबके के बच्चे न तो अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं और न ही उनके लिए अच्छी शिक्षा के लिए स्वतंत्र भारत में कोई साधन जुटाए गए हैं। अतः इस क्षेत्र में वे अमीरों, धनाढ्य वर्ग एवं साधन संपन्न लोगों के बच्चों से काफी पीछे रह जाते हैं। लेकिन यदि उनका सरकारी नौकरियों में निष्पक्षता व योग्यता के आधार पर चयन किया जाए तो वे आगे आ सकते हैं। इसलिये उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद बेरोजगार युवक एवं युवतियों के परीक्षा व साक्षात्कार के लिए जाने हेतु निःशुल्क बस यात्रा सुविधा प्रदान की थी। चौ. साहब इस बात से परिचित थे कि ग्रामीण समाज के अधिकतर बच्चे गरीबी के कारण अधर में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और 25 से 30 प्रतिशत बच्चे ही केवल बड़ी मुश्किल से दसवीं या इससे ऊपर की शिक्षा हासिल कर पाते है। उन्हें यह भी पता था की ग्रामीण बच्चों में खेलकूद की प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इसलिए उनके शासनकाल में सैंकड़ों स्कूल खोले गए।

**8 ग्रामीण बच्चों में खेलकूद की प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इसलिए उनके शासनकाल में सैंकड़ों स्कूल खोले गए**

### खेल प्रशिक्षकों की पर्याप्त नियुक्तियां की : दुष्यंत

**इसी** प्रकार उन्होंने खेल प्रशिक्षकों की पर्याप्त नियुक्तियाँ की और नए खेल स्टेडियमों की स्थापना की ।" मेरी मां फाउंडेशन " के उपाध्यक्ष दिनेश डागर ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष बॉबी मलिक की देखरेख में भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की याद में अब तक सात कार्यक्रम किए जा चुके हैं , आज का कार्यक्रम सातवां था जिसमे चिकित्सा , शिक्षा , प्रशासन , समाजसेवा , खेलकूद , मीडिया समेत कई विभूतियों को "चौधरी देवीलाल गौरव सम्मान" से नवाजा गया है। संस्था के कोषाध्यक्ष शुभम मलिक ने बताया कि सम्मानित किए गए लोगों में जसन महला , सतपाल दलाल , अजयदीप लाठर , अनुज मिश्रा , बिजेंद्र बंसल , शिव कुमार , सुनील बाल्याण , नवीन गौतम, रोबिंदर नारायण समेत 150 गणमान्य लोग शामिल थे।

# लापता बच्चों की तलाश को पुलिस ने चलाया ऑपरेशन मुस्कान

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**अपनों** से बिछड़े अथवा किन्हीं भी कारणों से लापता हुए बच्चों को तलाशने के लिए फतेहाबाद पुलिस द्वारा विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया है। ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस की विभिन्न टीमें लापता बच्चों को तलाश कर उनके परिवारजनों को सौंपने का काम करेगी। लापता बच्चों को तलाशने के लिए पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देशन पर जिला पुलिस द्वारा शुरू किया गया यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। इसके तहत जिला पुलिस गुमशुदा अथवा किसी अन्य कारणों से अपने घर से दूर हुए बच्चों को तलाश कर उनके परिजनों को सौंप कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाएगी। ऑपरेशन स्माइल की सफलता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएसपी सुभाष चंद्र को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नोडल अधिकारी के मार्ग दर्शन में थाना स्तर पर गठित टीमों द्वारा ऑपरेशन के तहत लापता बच्चों को तलाशने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ऑपरेशन स्माइल के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि लापता बच्चों को तलाशने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। जिला के सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत सभी थाना प्रभारी व अन्य स्टाफ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से बेहतर संबंध स्थापित कर घर से हुए दूर बच्चों के बारे में सुराग जुटाकर उन्हें तलाशने की कार्यवाही करें।

**8 थाना स्तर पर गठित टीमों द्वारा ऑपरेशन के तहत लापता बच्चों को तलाशने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी**

# कामयाबी: पति के शक से तंग आ छोड़ा घर, क्राइम ब्रांच ने 5 साल बाद ढूंढा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
**हरियाणा स्टेट** क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने 5 साल से गुमशुदा 31 वर्षीय महिला को हिमाचल से ढूंढ उसके परिवार से मिलवाया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की शर्मिला नामक महिला अपने पति के शक करने की आदत से तंग आकर अपने दो बच्चों जिनकी उम्र तकरीबन 9 व 7 वर्ष थी, को लेकर घर छोड़कर चली गई थी। उक्त मामले में पंचकूला जिले के पिंजौर थाने में एफआईआर भी दर्ज थी। स्थानीय पुलिस द्वारा काफी कोशिश के बाद भी महिला व उसके बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला था। केस पर कार्य करते हुए महिला को स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पंचकूला यूनिट ने नालागढ़, हिमाचल प्रदेश से सुरक्षित बरामद किया गया।

**8 महिला अपने पति के शक करने की आदत से तंग आकर अपने दो बच्चों जिनकी उम्र तकरीबन 9 व 7 वर्ष थी**

**पति के शक करने से तंग आकर घर छोड़ दिया था, जनवरी में केस दिया था स्टेट क्राइम ब्रांच को:** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया स्थानीय पुलिस द्वारा कोशिश करने के बाद भी महिला व उसके बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। इस मामले में पति द्वारा गुमशुदगी बाबत दिसम्बर 2018 में थाना पिंजौर, जिला पंचकूला में एफआईआर दर्ज करवाई। मामले की आगामी जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह आईपीएस ने केस को पंचकूला एएचटीयू इंचार्ज एसआई मुकेश रानी को जनवरी 2023 में सौंपा। एएचटीयू टीम ने साइबर सेल व सूत्रों के आधार पर महिला शमीर्ला और उसके दोनों बच्चों को हिमाचल प्रदेश में ट्रेस कर लिया। टीम से बात करने के बाद महिला ने बताया की वह पति की शक करने की आदत से परेशान थी और इसीलिए अपने बच्चों के साथ घर छोड़कर चली गई थी। टीम में शामिल एएसआई राजेश कुमार, मुख्य सिपाही दिनेश कुमार ने परिवार की काउंसलिंग की और तीनों को सकुशल परिवार के सुपुर्द किया।

**महेन्द्रगढ़ से लापता मूक बधिर बच्चा एक साल बाद मध्य प्रदेश से किया रेस्क्यू:** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने एक महिला व उसके दोनों बच्चो को ट्रेस करने में सफलता हासिल की, जिसमें से एक पुत्र मूक व बधिर था जिसपर 15000 का इनाम भी था।

# 16 साल से था फरार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के अंबेडकर नगर थाना की पुलिस टीम ने 16 साल से फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। इसकी पहचान विजय कुमार के रूप में हुई है। यह हरियाणा के फैजाबाद का रहने वाला है। पटियाला हाउस कोर्ट ने 408 ( विस्वासघात कर-के गबन करने के मामले में ) के मामले में साल 2007 में इसे भगोड़ा घोषित किया था। तब से पुलिस की टीम लगातार इसकी तलाश कर रही थी लेकिन यह अपना ठिकाना बदलकर पुलिस की नजर से छुपकर रह रहा था। डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दक्षिण जिले के अलग-अलग थानों में एक स्पेशल टीम बनाई गई है।

# नशामुक्ति के लिए किए जा रहे हैं अथक प्रयास

## ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों की संपत्ति को किया जा रहा अटैच, 41 आरोपियों की 37.29 करोड़ रुपये की संपत्ति की गई अटैच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि प्रदेश में नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। ड्रग की आपूर्ति और मांग की श्रंखला को तोड़ने के लिए ड्रग तस्करों पर कड़ा शिकंजा कसा जा रहा है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों की संपत्ति को अटैच किया जा रहा है। अब तक 41 आरोपियों की 37.29 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच किया जा चुका है। इसके अलावा, एनडीपीएस अधिनियम के तहत 77 व्यक्तियों की संपत्तियों को ध्वस्त किया गया है। मुख्य सचिव आज यहां हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक भी शामिल हुए।

**प्रिस्क्रिप्शन दवाओं पर भी रखें निगरानी:** कौशल ने कहा कि प्रदेश में प्रिस्क्रिप्शन दवाइयों की आपूर्ति व उसके उपयोग पर भी निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ड्रग ओवरडोज से होने वाली मृत्यु से संबंधित विशेष मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी एक माह में तैयार करने और हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ साझा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, एफएसएल का आधुनिकीकरण किया जाए ताकि एफएसएल में जांच प्रक्रिया में और तेजी लाई जा सके। कौशल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नशे के खात्मे के लिए सबसे पहले मादक पदार्थों का सेवन करने वालों की पहचान करना आवश्यक है, ताकि उन्हें सुधार कर समाज में मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इसलिए मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के लिए विशेष सर्वेक्षण किया जाए, ताकि वास्तविक स्थिति का पता लग सके।



### 'जिलों में बने नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित दौरा करें'

**मुख्य** सचिव ने निर्देश देते हुए कहा कि जिला उपायुक्त जिला स्तरीय कमेटी की मासिक बैठक कर समीक्षा करें। साथ ही, इन बैठकों की जानकारी और निर्णयों को हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित तौर पर जिलों में बने नशा मुक्ति केंद्रों का दौरा करें। इसके अलावा, एसडीएम भी प्रति माह एक बार दौरा कर निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नियमित दौरों के अलावा भी संबंधित अधिकारी औचक निरीक्षण भी करें। नशा मुक्ति केंद्रों के दौरे से संबंधित रिपोर्टिंग के लिए एक स्टैंडर्ड फॉरमेट तैयार किया जाए।

# गुरुग्राम: कोविड को लेकर शुरू हो गया बैठकों का दौर



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
कोविड के बढ़ते केसों को लेकर फिर से बैठकों का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को यहां लघु सचिवालय में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक में निर्देश जारी किए गए कि कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर नागरिक भी सतर्क हो जाएं। नागरिकों को सलाह दी गई है कि जिन स्थानों पर 100 या इससे अधिक लोग एकत्रित होते हैं, तो वहां पर मास्क अवश्य लगाए और कोविड उपयुक्त व्यवहार का बैठक में एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने जिला के विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट व आईएमए के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में अब कोविड के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। ऐसे में अपने स्टाफ का भी नियमित रूप से रैपिड एंटीजन टेस्ट अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि कोविड से जुड़ा डेटा स्वास्थ्य विभाग को भी नियमित रूप से उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने मलेरिया-डेंगू पर नियंत्रण से जुड़े उपायों की समीक्षा करते हुए कहा कि बीते दिनों जिला में बरसात के कारण डेंगू-मलेरिया के केस बढने. की संभावना बनी हुई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिकों को आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाए और सप्ताह में एक दिन ड्राई डे भी मनाया जाए।

**लापरवाही करने वाले अस्पतालों को नहीं मिलेंगे लाइसेंस:** एडीसी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिरक्षण कार्यक्रम, मीजल-रूबेला व अन्य नियमित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने कहा कि निजी अस्पतालों में प्रतिरक्षण को लेकर गंभीरता से कार्य होना चाहिए।

# कृषि विभाग ने गोदाम से अवैध 21 सौ बैग यूरिया खाद के पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
जिला कृषि विभाग और जगाधरी शहर की पुलिस ने गुरुवार को जगाधरी के गांव तेलीपुरा में किसान खाद स्टोर के गोदाम पर अवैध रूप से जमा किए हुए 21 सौ बैग यूरिया खाद के पकड़े। विभाग के द्वारा केस दर्ज कराने के बात कही जा रही है। जिला कृषि विभाग के अधिकारी हरीश पांडे ने बताया कि तेलीपुरा के किसान खाद स्टोर के गोदाम पर खाद के अवैध स्टॉक का संदेह होने पर एक अप्रैल को इसका गोदाम सील किया गया था और नोटिस चिपकाकर इसकी सूचना मालिक को दी गई थी। जिसे आज मालिक को बुलाकर गोदाम को खोला गया। तो उसमें 21 सौ बैग अवैध यूरिया खाद के मिले है जो अलग-अलग कंपनी मार्का के है। इसके अलावा मौके से एक ट्रैक्टरट्रॉली व पिकअप गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया गया है। जिसे लेकर जगाधरी शहर पुलिस के द्वारा केस दर्ज करने की आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि प्लाईवुड फैक्ट्री में ग्लू बनाने के लिए यूरिया खाद का प्रयोग किया जाता है और व्यवसायिक इस्तेमाल वाले यूरिया खाद के महंगे दाम होने पर कृषि में इस्तेमाल होने वाले खाद को काला बाजारी कर बेचा जाता है।

# रुपये ऐंठने वाले नाइजीरियन समेत चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से दोस्ती करके उनसे ठगी करने के मामलें में पुलिस ने फिर एक बार नाइजीरियन समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि इस तरह से ठगी के मामलों में नाइजीरियन की संलिप्तता जरूर मिलती है। जानकारी के अनुसार 22 मार्च 2023 को एक महिला ने पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व में शिकायत दी थी। जिसमें कहा गया कि जनवरी 2023 में उसके पास एक इंस्टाग्राम आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। जिसमें उस व्यक्ति ने अपना परिचय यूके में डॉक्टर के रूप में दिया। फिर उनकी आपस मे बात होने लगी। एक दिन उस व्यक्ति ने कहा कि उसने उसके लिए गोल्ड और 20000 पाउंड भेजे हैं। महिला के मुताबिक 30 जनवरी 2023 को उसके पास एक लड़की का फोन आया। जिसने अपने आपको कोरियर कंपनी से बताते हुए कहा कि उसके नाम का गोल्ड और विदेशी मुद्रा आई हुई है। जिसको लेने के लिए उसे 55000 रुपये टैक्स देना होगा। उसके कहने अनुसार महिला ने 55000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद टैक्स के नाम पर 327920 और ट्रांसफर करवा लिए गए। इसके बाद उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे कुल 1600000 ठग लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू की। गुरुवार को यहां पत्रकार वार्ता करके एसीपी अपराध प्रीतपाल, एसीबी साइबर क्राइम प्रियांशु दिवान ने बताया कि थाना साईबर अपराध पूर्व ने इस वारदात को अंजाम देने में शामिल एक नाइजीरिया सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।



# बसों की कमी से परेशान छात्रों ने बसों को रोककर जताया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
निकटवर्ती गांव मंगाली के पास गुरुवार को बसों की कमी से परेशान विद्यार्थियों ने रोडवेज की दो बसों को रोक दिया। इसी दौरान किसी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचते ही ये युवक भाग निकले। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह मंगाली गांव के पास कुछ विद्यार्थियों ने रोडवेज की दो बसों के आगे अपने बाइक लगाकर उन्हें रोक दिया। बसों में विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए हिसार आ रहे थे लेकिन उन्हें रास्ते में रोक दिए जाने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी। लगभग एक घंटे तक ये ये छात्र बसों को रोके रहे परंतु इसी दौरान किसी ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दे दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचते ही ये युवक भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग ने बाडया ब्राह्मण गांव तक छात्रों के लिए स्पेशल बसें लगाई हुई है। यह बस वहां से चलकर हरिता, डाया, मंगाली, हरिकोट, कैमरी होकर हिसार तक आती थी लेकिन हरिता गांव में ही बस सवारियों से पूरी भर जाती थी।

# होटलों, ढाबों, फैक्ट्रियों में रेड करके रेस्क्यू किए जाएंगे बच्चे

## ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत जिला बाल संरक्षण कार्यालय में बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**गुरुवार को** ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत बैठक में बचपन बचाओ आंदोलन के स्टेट कोऑर्डिनेटर पुनीत शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत टीम द्वारा जगह-जगह होटलों, ढाबों, फैक्ट्रियों आदि में रेड करके बच्चे रेस्क्यू किए जाएंगे। इस दौरान पाए जाने वाले बच्चों को सुरक्षित करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के बारे में प्रबंध किया जाएगा। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अप्रैल माह में बच्चों के लिए अभियान चलाया जा रहा है जो कि पुलिस विभाग, तस्करी दस्ता, लेबर डिपार्टमेंट, शिक्षा विभाग मिलकर के बच्चों के हित में सर्वे करते हुए रोड पर पाए जाने वाले बच्चे, भीख मांगने वाले बच्चे, लेबर करने वाले बच्चों के तहत उनको सर्च किया जाएगा व उनको उनके परिवार में लौटाते हुए उनकी शिक्षा का प्रबंध किया जाएगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी शिव कुमार ने बताया कि समय-समय पर जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय द्वारा विभिन्न स्थानों पर सर्वे के द्वारा बच्चों को खोजा जा रहा है। अप्रैल माह ऑपरेशन स्माइल के नाम से जाना जाता है, जिसमें हर तरह के बच्चों को खोज कर उनको पुनर्वास करवाया जाता है व उसकी जरूरत अनुसार सुविधा मुहैया करवाते हुए उनका भविष्य ठीक किया जाता है। इस संदर्भ में विभाग द्वारा जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं। टीम द्वारा होटल, ढाबों व फैक्ट्रियों में जाकर के समय-समय पर जांच की जा रही है। सभी को एक मैसेज दिया जा रहा है कि वे बच्चे का किसी प्रकार से शोषण न करें। कोई बच्चा इस तरह से पाया जाता है तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर या पुलिस को सूचित करें। इसके अलावा लेबर डिपार्टमेंट में शिक्षा विभाग को भी इसकी जानकारी दी जा सकती है। आने वाले दिनों में लगातार इसी तरह की कार्रवाई करते हुए जो भी बच्चों का शोषण करते हुए पाया जाए उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
बैठक के दौरान उप पुलिस अधीक्षक अजायब सिंह ने बताया कि होटल, ढाबा या फैक्ट्री में बच्चा पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी इसलिए सभी लोगों को बार-बार जागरूकता द्वारा बताया जाता है।



# पहली कक्षा में प्रवेश के नियम सरल बनाने के लिए प्रदर्शन करके अध्यापक संघ ने दिया ज्ञापन

**हरियाणा** विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान जोगिंदर व जिला सचिव नरेंद्र चहल ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे पर अप्रत्याशित हमले कर रही है जिससे अभिभावकों और नागरिकों में भारी आक्रोश है । चिराग योजना जो गरीब वंचित लोगों को शोषण के बाजार की ओर धकेल रही है , इस योजना के तहत हरियाणा की पहली ऐसी सरकार है जो अपने शैक्षिक ढांचे को नाकारा साबित करके निजी ढांचे को श्रेष्ठ साबित करअपने छात्रों को प्राइवेट की ओर जाने के लिए प्रेरित कर रही है इस योजना को तुरंत वापस लिया जाए अगर सरकार समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं करती तो 23 अप्रैल से लगातार शिक्षा मंत्री के आवास पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा
जिला प्रेस प्रवक्ता दिनेश छिक्कारा व कोषाध्यक्ष रोहताश गंगाना ने कहा कि पहली कक्षा में दाखिले के लिए आयु का नियम पहले की तरह हो और यह स्कूल की एमआईएस से होना चाहिए। इसके लिए परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता समाप्त की जाए।



# जल्द स्थापित होंगे 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन

## दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों और बस डिपो आदि पर 100 विश्व स्तरीय ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जायेंगे







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** जल्द 100 विश्व स्तरीय ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित होंगे। इन चार्जिंग स्टेशनों में प्रति यूनिट चार्जिंग लागत दुनिया में सबसे कम होगी। केजरीवाल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों और बस डिपो आदि पर 100 विश्व स्तरीय ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जायेंगे। गुरुवार को बिजली मंत्री आतिशी ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा की। इस मौके पर बिजली मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली विभाग और डीटीएल सक्रियता के चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के सभी मुद्दों को तुरंत हल करें और अप्रैल के अंत तक 50 तथा जुलाई के अंत तक सभी 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाकर तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवी चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण में तेजी लाई जाए और टाइमलाइन का पालन करते हुए काम पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के प्रयासों से दिल्ली पिछले सालों में देश के इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) कैपिटल के रूप में उभरी है। इस दिशा में दिल्ली में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए हम शहर भर में 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के साथ शहर के हर हिस्से में शानदार और सुलभ ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा। जहां प्रति यूनिट चार्जिंग की लागत देश ही नहीं दुनिया में सबसे कम होगी और लोगों को ईवी चार्जिंग के लिए प्रति यूनिट 3 रुपए से भी कम खर्चने होंगे। बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि दिसम्बर 2022 में राजधानी में बिकने वाले कुल वाहनों में 16.7 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों की रही, जो देश में सर्वाधिक है।

### बड़े आंदोलन के लिए डीटीसी कर्मचारी तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार के खिलाफ अब डीटीसी कर्मचारियों ने बड़े आंदोलन की शुरूआत कर दी है। इसकी शुरूआत दिल्ली के अलग-अलग इलाके में केजरीवाल हटाओ डीटीसी बचाओ पोस्टर के साथ शुरू की गई है। इस तरह के पोस्टर डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन की तरफ से लगाए जा रहे हैं। सिर्फ पोस्टर ही नहीं बल्कि कई इलाकों में तो बड़े-बड़े बोर्ड और बैनर भी लगाए जा रहे हैं। इस बैनर और बोर्ड में बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा हुआ है- डीटीसी कर्मचारी बड़े आंदोलन की ओर, केजरीवाल हटाओ-डीटीसी बचाओ। इन पोस्टरों में लिखा है- दिल्ली की जनता के साथ धोखा, केवल प्राइवेट क्लस्टर बसों को दिया मौका। पोस्टर के अगले हिस्से में लिखा है- 9 साल में एक भी डीटीसी की बस नहीं खरीदी, कमीशन के लिए प्राइवेट मालिक अपने चाहने वालों को डीटीसी संपत्ति को बेचा।

# जहांगीरपुरीः पुलिस बल की मौजूदगी में निकाली गई शोभायात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के जहां**गीरपुरी इलाके में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे बीजेपी नेता कपिल मिश्रा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था, हालांकि पुलिस के साथ वह जहांगीरपुरी की शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे।
**एच ब्लॉक में शोभायात्रा रद्दः** शोभायात्रा को देखते हुए इलाके में चप्पे-चप्पे पर फोर्स की तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए दिल्ली पुलिस ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कर रही है। इधर एच ब्लॉक में शोभायात्रा को रद्द कर दिया गया है। 50 मीटर की दूरी पर सड़क पर कार्यक्रम चल रहा है। शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे बीजेपी नेता कपिल मिश्रा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, लेकिन वह पुलिस के साथ दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे। ध्यान देने वाली बात है कि 5 मिनट पहले ही कपिल मिश्रा ने ट्वीट करके कहा था कि वह जहांगीरपुरी आ रहे हैं। बता दें कि पहले दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों से जहांगीरपुरी इलाके में शोभायात्रा को निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। खास बात है कि सीएए के विरोध के दौरान इसी इलाके में हिंसा हुई थी।
**ड्रोन से पुलिस ने की निगरानीः** नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के डीसीपी जितेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आज 2 शोभायात्राओं की अनुमति थी। एक यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो चुकी है। कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### गृह मंत्रालय के निर्देश पर अनुमति पर बनी सहमति

**गौरतलब** है कि हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के आयोजकों द्वारा बिना अनुमति के शोभायात्रा निकालने की बात पर अड़े रहने के कारण गृह मंत्रालय में इसको लेकर दिल्ली पुलिस की बैठक हुई। मंत्रालय के निर्देश पर बुधवार देर शाम दिल्ली पुलिस ने कहा कि अनुमति देने को लेकर सहमति बन गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जहांगीरपुरी क्षेत्र में एक एक निश्चित दूरी के भीतर शोभा यात्रा निकालने की अनुमति दी गई है।

# मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। 31 मार्च को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया पर लगे आरोप गंभीर हैं। सीबीआई जांच जारी है, ऐसे में जमानत नहीं दी जा सकती है। 34 पेज के आदेश में कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया सबूतों और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। आपराधिक षड्यंत्र में सिसोदिया की सक्रिय भूमिका रही। प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत भी अपराध किया गया दिख रहा है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया आबकारी घोटाला के आपराधिक साजिश के कर्ताधर्ता थे।
90-100 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत सिसोदिया और उनके सहयोगियों को देने के लिए थे।

# सत्येंद्र जैन को झटकाः कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने मामले में सह आरोपी वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिका भी खारिज कर दी। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल 30 मई को इस मामले में गिरफ्तार किया था। मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। सत्येंद्र जैन को एजेंसी ने साल 2022 में मई में गिरफ्तार किया था। तब से जैन जेल में ही हैं। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिये धन शोधन करने का आरोप लगा है।

# शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**फिर टकराव**

= उपराज्यपाल की मंजूरी के खिलाफ आप सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय 14 अप्रैल को सुनवाई करेगा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिक्षकों को** प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने की शर्तों के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी के खिलाफ आप सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय 14 अप्रैल को सुनवाई करेगा। आप सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की। सिंघवी ने कहा, 'एलजी यह तय कर रहा है कि किस शिक्षक को भेजना है, कैसे भेजना है और कब भेजना है। यह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित है।'
**शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड जानें के लिए मिली थी मंजूरीः** दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने सरकारी विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को कुछ शर्तों के साथ मार्च में सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। सक्सेना ने मंजूरी देते हुए यह उल्लेख किया था कि अतीत में विदेशों में संचालित किये गये प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आकलन के प्रभाव को रिकार्ड में लाने से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नीत सरकार ने इनकार कर दिया।

### प्राथमिक शिक्षकों की संख्या 87 की गई

**उपराज्यपाल** कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा था, 'उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने प्राथमिक (विद्यालय) प्रभारियों को फिनलैंड में प्रशिक्षण दिलाने के शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।
उन्होंने कहा था, सभी को समतापूर्ण लाभ पहुंचाने के रुख को आगे बढ़ाते हुए उपराज्यपाल ने प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड जाने वाले प्राथमिक शिक्षकों की संख्या 52 से बढ़ा कर 87 कर दी है, ताकि शिक्षा विभाग के सभी 29 प्रशासनिक जोन के प्राथमिक (विद्यालय) प्रभारियों का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

# मेहमानों के कमरे में कर्मचारी बनाते थे अश्लील वीडियो

**गिरफ्त में**

= होटल के कमरों में लकड़ी की दीवार बनी हुई है। लकड़ी की प्लाई में बिजली के बटन के पास छेद होता था, उससे वीडियो बनाते थे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के द्वारका स्थित ओयो होटल दी ग्रेट इन में मेहमानों की अश्लील वीडियो बनाकर उगाही करने के मामले जिला साइबर थाना पुलिस ने होटल के तीन कर्मचारियों सहित इन्हें हापुड़ की सिम बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। फर्जी आईडी से ली गई इन सिमों से आरोपी इंस्टाग्राम पर वीडियो को पीड़ित को भेजकर ब्लैकमेल करते थे। आरोपियों ने अब तक तीन मेहमानों की अश्लील वीडियो बनाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइलों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है, ताकि ये पता लग सके कि आरोपी अभी तक कितने लोगों की अश्लील वीडियो बना चुके हैं।
**सभी आरोपी हापुड़ जिले के रहने वालेः** द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त एम.हर्षवर्धन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहल्ला सर्वोदया नगर, पीएस पिलखुवा जिला हापुड़ यूपी निवासी विजय कुमार(22), मोहल्ला, चांदनी मंदिर सर्वोदय नगर, थाना पिलखुवा, जिला हापुड़ यूपी निवासी अंकुर(29), मोहल्ला अन्यू आर्या नगर थाना पिलखुवा, जिला हापुड़ यूपी निवासी दिनेश(24) और आरोपियों को फर्जी आईडी पर सिम देने वाले गांव कास्तला कासमाबाद हापुड़ यूपी निवासी दीपक कुमार (20) के रूप में हुई है।
**पांच लाख नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकीः** दरअसल द्वारका साइबर थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि वह महिला दोस्त के साथ होटल में गया था। उसे व उसकी दोस्त को 19 जनवरी को अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी से उनका अश्लील वीडियो मिला। आरोपियों ने पांच लाख नहीं देने पर वीडियो को वायरल करने की धमकी दी।
**फार्मासिस्ट रह चुका है विजयः** विजय पेशे से फार्मासिस्ट था। हालांकि 2022 में उसने होटल में नौकरी कर ली। इसके बाद उसने अपने साथी अंकुर व दिनेश को भी होटल में नौकरी दिलवा दी। तनख्वाह पर्याप्त न होने पर विजय व अन्य अधिक पैसे कमाने के लिए यह गलत काम करने लगे। पूछताछ के आरोपियों ने बताया कि होटल के कमरों में लकड़ी की दीवार बनी हुई है। लकड़ी की प्लाई में बिजली के बटन के पास छेद होता था। उससे ये मोबाइल से वीडियो बना लेते थे। विजय ने अगस्त, 22 में नौकरी छोड़ दी थी।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस को समर्पण दिवस के रूप में मनाएगा आईएमए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) विश्व स्वास्थ्य दिवस को समर्पण दिवस के रूप में मनाएगा। गुरुवार को प्रेसवार्ता में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने बताया कि 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर देश भर में डॉक्टर वॉकथन संगोष्ठी में भाग लेंगे और शाम को मोमबत्ती एवं दीये जलाएंगे। दिल्ली में आईएमए की ओर से शुक्रवार की सुबह 6 से 7 बजे तक मुख्यालय से मौलाना मेडिकल कॉलेज तक रैली आयोजित की जाएगी।

# सुकेश से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गुरुवार को पूरक चार्जशीट दाखिल की। स्पेशल जज शैलेंद्र मलिक ने पूरक चार्जशीट पर 18 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। ईडी ने पूरक चार्जशीट में तिहाड़ जेल के अधिकारियों डीएस मीणा, सुंदर बोरा और महेश सौंद्रियाल को आरोपित बनाया है। तीनों न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले का मुख्यारोपित सुकेश चंद्रशेखर है। मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और सुकेश की पत्नी लीना मारिया पॉल भी सह आरोपित हैं। पांच अप्रैल को फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुई थीं। ईडी ने कहा था वह मामले से जुड़ी फोरेंसिक रिपोर्ट जल्द ही कोर्ट में दाखिल करेगी। 23 मार्च को सुनवाई के दौरान कई आरोपितों की तरफ से कहा गया था कि अभी तक उनको फोरेंसिक रिपोर्ट नहीं मिली है। इस पर कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक फोरेंसिक रिपोर्ट जमा करे। 14 फरवरी को कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया था कि वो इस मामले में जांच के दौरान जब्त 26 गाड़ियों की नीलामी करे।

**शिकंजा**

= 14 फरवरी को कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया था कि वो इस मामले में जांच के दौरान जब्त 26 गाड़ियों की नीलामी करे

# दिल्लीः 100 में से 26 टेस्ट निकल रहे पॉजिटिव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से कोरोना ने रफ्तार पकड़ ली है। हर दिन कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को दिल्ली में लगातार दूसरे दिन कोरोना के 500 से अधिक मामले सामने आए हैं। 10 फीसदी उछाल के साथ संक्रमण दर 26.54 प्रतिशत पहुंच गई है। मतलब साफ है कि 100 की जांच करने पर 26 लोग कोरोना से संक्रमित मिल रहे हैं।
**दिल्ली में 10 फीसदी उछालः** बता दें कि बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना के 509 मामले सामने आएं हैं। हालांकि, पिछले 24 घंटों में कोरोना से किसी की मौत की खबर नहीं है। अब दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 1795 हो गई है। खास बात है कि मंगलवार को दिल्ली में कोरोना संक्रमण की दर 15.64 प्रतिशत थी, लेकिन 24 घंटे के अंदर 10 फीसदी उछाल के साथ बुधवार को 26.54 फीसदी हो गई।

**डराने लगा कोरोना**

= कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को दिल्ली में लगातार दूसरे दिन कोरोना के 500 से अधिक मामले सामने आए हैं

**नोएडा में मिले 47 नए मरीजः** अगर नोएडा की बात करें तो बुधवार को बीते 24 घंटे में कोरोना के रिकार्ड 47 नए संक्रमित मिले हैं। 41 मरीज संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं। कोरोना के संक्रमितों की संख्या बढ़कर 206 हो गई है। वर्तमान में आठ संक्रमित कोविड अस्पताल में भर्ती है। 198 मरीज होम आइसोलेशन में हैं।
**गाजियाबाद में 13 कोरोना के केसः** इसके अलावा गाजियाबाद में पिछले 24 घंटे में 1204 लोगों की जांच रिपोर्ट आने पर 13 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सात युवा और छह बुजुर्ग शामिल हैं। संक्रमितों में आठ पुरूष और पांच महिलाएं शामिल हैं।

# जेल में बंद शूटर ने मंगाए हथियार मगर पकड़े गए




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लारेंस** बिश्नोई-संपत नेता गिरोह के बदमाशों को दिल्ली व पंजाब में हथियार सप्लाई करने जा रहे दो बदमाश आदित्य राजपूत उर्फ काका(22) और कुलदीप सिंह उर्फ माखन (29) को को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पकड़ा है। इनके कब्जे से आठ कीमती पिस्टल, आठ मैगजीन और 10 कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब की जेलों में बंद बदमाश लगातार आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में पता चला है कि उनसे फिरोजपुर जेल में बंद संपत नेहरा गिरोह के शार्प शूटर सौरभ प्रताप सिंह उर्फ सन्नी द्वारा ने हथियार मंगवाए थे। आरोपी हथियारों को मध्यप्रदेश से लेकर आए थे। बुधवार को सूचना के बाद स्पेशल सेल एसीपी अत्तर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार, इंस्पेक्टर कर्मवीर व एसआई राजेश शर्मा की टीम ने आरोपियों को मायापुरी चौक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आदित्य राजपूत पंजाब के अमृतसर जिले के गांव सियाता और आरोपी कुलदीप सिंह गांव गुरु नानकपुरा का निवासी है।

# टिल्लू गिरोह को कमजोर करने के लिए बॉक्सर ने की थी बिल्डर अमित की हत्या

**खुलासा**

= बॉक्सर ने बताया कि अमित की हत्या टिल्लू ताजपुरिया गिरोह को पूरी तरह कमजोर करने के लिए की गई थी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्पेशल** सेल की गिरफ्त में आए गैंगस्टर दीपक पहल उर्फ बॉक्सर ने बिल्डर अमित गुप्ता हत्याकांड मामले में सनसनीखेज खुलासा किया है। बॉक्सर ने बताया कि अमित की हत्या टिल्लू ताजपुरिया गिरोह को पूरी तरह कमजोर करने के लिए की गई थी। टिल्लू व गिरोह के सदस्यों की अमित वित्तीय सहायता कर रहा था। उसे खत्म करने के लिए तिहाड़ में बंद दिनेश कराला ने बॉक्सर को आदेश दिए थे। बॉक्सर ने उस बात से इंकार किया है कि उसने पांच करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर बिल्डर की हत्या की है। स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जितेंद्र गोगी गिरोह के शूटरों के पास जिगाना व स्टार जैसी 5-5 लाख की पिस्टल व हथियार थे। ऐसे में टिल्लू ने अमित को महंगे व आधुनिक हथियार खरीदने के लिए पैसे देने को कहा था, ताकि वह गोगी गिरोह से टक्कर ले सके।
**'फज्जा को मरवाने में था अमित का हाथ':** साथ ही, वह गोगी गिरोह का पता था कि अमित वित्तीय सहायता कर रहा है। बॉक्सर को ये भी पता लगा कि फज्जा को मरवाने में अमित का हाथ है। उसने टिल्लू के कहने पर पुलिस को मुखबिरी की थी। करीब एक हजार करोड़ का मालिक अमित झंगौला गांव में फार्महाउस भी बनाने जा रहा था।
**बॉक्सर दीपक के सभी शूटर भी हुए गिरफ्तारः** ऐसे में दिनेश कराला ने मई-जून में तिहाड़ से फोन कर बॉक्सर को अमित की हत्या करने के लिए कहा था। बॉक्सर खुद उसे मारने गया, लेकिन विफल रहा था। इसके बाद उसने शूटरों को अमित की हत्या करने को कहा था। शूटरों ने सिविल लाइंस इलाके में 23 अगस्त को बिल्डर अमित गुप्ता की हत्या कर दी थी। पुलिस बॉक्सर दीपक के सभी शूटर को गिरफ्तार कर चुकी है। बस दीपक ही फरार था।
**तिहाड़ की सुरक्षा पर उठे सवालः** बॉक्सर के खुलासे से तिहाड़ जेल प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं। दिनेश काफी समय से तिहाड़ में बंद है। बताया जा रहा है कि जितेंद्र गोगी भी उसे नमस्ते करता था। वह बॉक्सर के साथ मिलकर गोगी गिरोह को चला रहा था।
**बॉक्सर के खिलाफ छजलैट थाने में केस दर्जः** मुरादाबाद के पते से पासपोर्ट बनवाने वाले बॉक्सर के खिलाफ छजलैट थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को गोपालपुर नत्थानंगला उर्फ कोकरपुर निवासी रवि अंतिल बताकर पासपोर्ट बनवाकर लिया था। जिसके जरिए आरोपी मेक्सिको पहुंच गया था।
**सप्ताह में बन गया था पासपोर्टः** दीपक ने एक सप्ताह में ही पासपोर्ट बनवा लिया था। उसके कागजात न तो जांच में पकड़े गए और न ही उसे कोई दिक्कत आई। अफसरों ने एक सिपाही पर कार्रवाई करते हुए इस बड़ी लापरवाही पर पर्दा डालने की कोशिश की है। पुलिस के साथ ही एलआईयू ने भी पासपोर्ट पर रिपोर्ट लगाने में लापरवाही बरती है।

## न्यूज फ्लैश

### सरपंची की डिग्री की जांच को लेकर भी शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)
**जिला** अम्बाला की सब तहसील मुलाना के गांव नूरहद के सरपंच के एजुकेशन प्रमाणपत्र को फर्जी होने का आरोप लगाते हुए गांव के जसविंद्र सिंह ने सीएम विंडो व डीसी अंबाला को शिकायत दी है।
जसविंद्र का आरोप है कि गांव के सरपंच दिलबाग सिंह ने ग्राम पंचायत का चुनाव लडा था और वह गांव का सरपंच चुना गया। जो सर्टिफिकेट दिलबाग सिंह ने नामांकन पत्र में लगाया है, जिसका क्रमांक 31951, रोल नंबर.23540 जोकि सेंट्रल बोर्ड आफ हाई एजुकेशन न्यू दिल्ली 44 द्वारा जारी किया गया है।

### आरबीआई मौद्रिक नीति पर अभीक बरुआ, मुख्य अर्थशास्त्री, एचडीएफसी बैंक की प्रतिक्रिया

**अम्बाला/हिसार:** भारतीय रिजर्व बैंक ने आज की नीतिगत घोषणा में सफलतापूर्वक 6.5% पर नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखते हुए आगे की दर कार्रवाई के लिए दरवाजा खुला रखते हुए एक आक्रामक विराम दिया। केंद्रीय बैंक ने "समायोजन वापस लेने" पर अपना रुख अपरिवर्तित रखा, इसे अभी भी मंडराते मुद्रास्फीतिक जोखिमों को उचित ठहराते हुए। FY24 के लिए ग्रोथ आश्चर्यजनक रूप से 6.5% तक संशोधित की गई थी जबकि Q4 FY24 के लिए मुद्रास्फीति के पूवार्नुमान को संशोधित किया गया था – आधार प्रभावों के कारण सबसे अधिक संभावना है। हम उम्मीद करते हैं कि चालू वित्त वर्ष में विकास दर 6% से कम हो सकती है, जबकि आरबीआई के मुद्रास्फीति पूवार्नुमान के लिए उल्टा जोखिम है, विशेष रूप से तेल की कीमतों और मानसून के प्रदर्शन के आसपास आसन्न जोखिमों को देखते हुए।

### शुभम अग्रवाल की नजरें नैशनल पोकर सीरीज में अपने पांचवे पदक पर टिकी

**गुरुग्राम:** जैसे ही 29 मार्च से यह सबसे प्रतीक्षित पोकर टूर्नामेंट शुरू हुआ, गुरुग्राम के 31-वर्षीय शुभम अग्रवाल नैशनल पोकर श्रृंखला 2023 में अपने 4 पदकों की संख्या में एक और पदक जोड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अभी तक खेले गए 1,833 टूर्नामेंट में से 646 में जीत दर्ज कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।शुभम को हमेशा रणनीती वाले खेल और अलग अलग तरह के ताश के खेलों में रूचि रही है और वे पोकर के खेल में अपने जूनून और महारत पाने की लगन के लिए जाने जाते हैं शुभम का जन्म जयपुर में हुआ था और उन्होंने ने देश के सबसे सम्मानित महाविद्यालयों में से एक, आईआईटी मद्रास से स्नातक किया है। नैशनल पोकर श्रृंखला इंडिया की शुरूआत के बारे में अपने विचार साझा करते हुए , शुभम अग्रवाल ने कहा , मेरा मानना है एक पदक जीतने के साथ जो यश मिलता है वही हर खिलाड़ी का अंतिम लक्ष्य होता है और यह बात पोकर के खेल में विशेष रूप से सिद्ध होती है।
पोकर में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम की जरूरत होती है और इसका कोई और विकल्प या आसान रास्ता नहीं होता। हर साल इसमें भाग लेने वाले लोगों की बढ़ती संख्या से पता चलता है कि इस खेल ने कितना नाम कमाया है और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ी है। करीब पिछले एक दशक से पोकर मेरा शौक रहा है और मुझे लगता है हर शौकीन व्यक्ति को पेशेवर तरीके से इस खेल की गहराई में उतरना चाहिए और इस खेल की बारीकियों को अच्छी तरह समझना चाहिए अपने जीवन में नैशनल पोकर सीरीज इंडिया के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा , मुझे लगता है नैशनल पोकर सीरीज इंडिया, खिलाड़ियों में एक सामुदायिक भावना को बढ़ावा देती है जिससे पोकर को एक कौशल आधारित खेल बनाने में योगदान मिलेगा और उसे बस एक ताश के खेल के रूप में नहीं देखा जाएगा।

### समग्र स्वास्थ्य में आयुर्वेद की अहम भूमिका: कल्याण महोत्सव में श्री मधुसूदन को बीडब्ल्यू वेलबीइंग पुरस्कार

**नई दिल्ली।** जीवा आयुर्वेद के सीईओ मधुसूदन चौहान को उनके असाधारण नेतृत्व और समग्र कल्याण उद्योग के विकास में योगदान के लिए बिजनेस वर्ल्ड बीडब्ल्यू वेलबीइंग 40 यू 40 ( 40 व 40) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। चौहान के नेतृत्व के परिणामस्वरूप व्यक्तिगत, समग्र आयुर्वेदिक उपचार सेवाओं को डेटा और तकनीक-संचालित वितरण विधियों का उपयोग करके लाखों रोगियों तक पहुँचाया जा रहा है।



जीवा के अग्रणी टेलीमेडिसिन प्रयास 30 से अधिक देशों से प्रतिदिन 8,000 से अधिक रोगियों की सेवा करते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टरों के लिए निदान और एल्गोरिथम निर्णय समर्थन प्रणाली के लिए जीवा का मशीन लर्निंग आधारित प्रोटोकॉल का उपयोग इस बात का उदाहरण है कि कैसे आयुर्वेद तकनीक में नवीनतम प्रगति को एकीकृत कर रहा है ताकि दुनिया भर में आयुर्वेद को वितरित किया जा सके।
यह पुरस्कार असाधारण व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिन्होंने 40 वर्ष की आयु से पहले अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, और भविष्य की पीढ़ियों को उत्कृष्टता का पीछा करने के लिए प्रेरित किया है।

# पानीपत बन रहा धागे के निर्यात का प्रमुख

## पानीपत से करीब 20 देशों में किया जा रहा है सफेद व रंगीन धागे का निर्यात

**टीम एक्शन इंडिया /पानीपत/(बिजेंद्र सिंह): औद्योगिक** नगर पानीपत देश व विदेश में टेक्सटाइल नगरी के रूप में विख्यात है। यहां से हर वर्ष करीब 20 हजार करोड़ रूपए के टेक्सटाइल उत्पादों का अमेरिका व यूरोपियन देशों में निर्यात होता है। जिसमें सोफा व परदे का कपड़ा, बैडशीट, कुशन, दरी, टावल और कारपेट आदि उत्पाद शामिल है। वहीं 50 से लेकर 70 हजार करोड़ रूपए का घरेलू कारोबार है और यहां से देशभर में टेक्सटाइल उत्पाद भेजे जाते है। पानीपत पिछले कई दशक से केवल टेक्सटाइल उत्पादों के बनाने में ही देश-विदेश में प्रसिद्ध था लेकिन अब पानीपत



पिछले कुछ सालों में टेक्सटाइल उत्पादों के बनाने के अलावा सफेद व रंगीन धागों के उत्पादन में भी देश-विदेश में मशहूर होता जा रहा है। पानीपत की करीब 120 धागा मिलों में अब रोजाना 15 से 20 लाख किलो धागे का उत्पादन हो रहा है। इसमें से करीब 40 फीसदी धागे का तो पानीपत की फैक्टरियों में परदे व सोफे का कपड़ा व कारपेट आदि उत्पाद बनाने में प्रयोग हो रहा और बाकि का धागा देश व विदेशों में भेजा जा रहा है। पानीपत की धागा मिलों में सफेद व रंगीन धागा बनाया जाता है। कॉटन के सफेद धागे में तो 20 से 30 प्रतिशत कपास व 70-80 प्रतिशत काम्बर नोइल मिलाया जाता है। जबकि रंगीन धागा विदेशों से मंगाई जाने वाली कपड़े की कतरनों और रिसाइकिल फाइबर दाने से बनाया जाता है। जिस भी रंग की कपड़े की कतरनें होती है तो उसी रंग का धागा तैयार होता है। जबकि प्लास्टिक की कोल्ड ड्रिंक व शोडे आदि की वेस्ट खाली बोतलों से फाइबर तैयार किया जाता है। रंगीन धागे का उत्पादन करने में कपड़ें की कतरनों को डाई नहीं करवाना पड़ता और इसलिये इस धागे के उत्पादन से पानी की बहुत ज्यादा बचत होती है। पानीपत में बनने वाले धागे का परदे व सोफे के कपड़े, टी शर्ट, जुराब, बनियान, अंडरवियर व धोती आदि बनाने में प्रयोग होता है। पानीपत से करीब 20 देशों में धागा निर्यात किया जाता है। जिसमें सऊदी अरब, वियतनाम, नेपाल, बांग्लादेश, इटली व भूटान आदि शामिल है। पानीपत से हर माह इन देशों में धागे के करीब 100 कंटेनर भेजे जाते है और एक कंटेनर में 400 धागे के बोरे आते है व एक बोरे में 50 किलो धागा होता है।

**सरकार प्रोत्साहन दे तो बढ़ेगा धागे का उत्पादन: राकेश मुंजाल**

धागा मिल मालिक एवं समाजसेवी राकेश मुंजाल ने कहा कि पानीपत अब धागे का निर्यात करने में विश्व में प्रमुख हब बनता जा रहा है और अब सरकार को भी पानीपत की धागा मिलों को प्रोत्साहन देने के लिये आगे आना चाहिये।

## स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए पोर्टल व सॉफ्टवेयर लॉन्च



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
पारदर्शी एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने पोर्टल व सॉफ्टवेयर लॉन्च किया। विज ने निजी अस्पतालों के सूचीबद्ध (एमपैनलमेंट) के लिए ऑनलाइन पोर्टल को लांच किया और अब निजी अस्पतालों को निर्धारित समय पर जल्द से जल्द सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और उन्हें ऑनलाइन एमपैनलमेंट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। विज ने खाद्य एवं औषध प्रशासन विभाग की ओर से जारी किए गए ड्रग लाइसेंस हितधारकों की संस्थाओं के निरीक्षण को करने के लिए रेंडमाइजेशन एंड रियल टाइम इंस्पेक्शन सॉफ्टवेयर (ड्रग विंग) की शुरूआत भी की। यह सॉफ्टवेयर लॉन्च करने वाला हरियाणा देशभर में पहला राज्य है। विज ने निरोगी योजना को आगे बढ़ाने के लिए निर्देश भी दिए।

## अंबाला छावनी में 143 लोकेशन पर लगेंगे 485 कैमरे: शिबास



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**कार्यालय पुलिस** महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल, अम्बाला छावनी की ओर से बताया गया है कि गृहमंत्री अनिल विज के निदेशार्नुसार पुलिस महानिरिक्षक शिवास कविराज द्वारा अंबाला छावनी में अपराध वा अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए थाना अंबाला छावनी, पड़ाव व महेशनगर क्षेत्र में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों की कमेटी के साथ मीटिंग ली गई। मीटिंग में कमेटी द्वारा थाना अम्बाला छावनी के क्षेत्र मे 67 लोकेशन में 265 कैमरे, थाना पडाव क्षेत्र में 34 लोकेशन में 83 कैमरे वा थाना महेशनगर क्षेत्र मे 42 लोकेशन 137 कैमरे इस प्रकार कुल 143 लोकेशन मे 485 कैमरे लगाने का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। कैमरो की सहायता से अंबाला छावनी में अपराध को रोकने, अपराधियों की पहचान करने व निगरानी करने, यातायात की व्यवस्था दुरुस्त करने में पुलिस को सहायता मिलेगी वा यातायात के नियमों की उल्लंघना करने वालों का चालान घर भेजने में सहायता मिलेगी।

## पार्टी स्थापना दिवस पर आजाद नेहरा ने घरों पर पार्टी ध्वज लगाया

**गन्नौर: भारतीय जनता** पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं राजपुर मंडल के पालक आजाद नेहरा ने गन्नौर विधान सभा के जाहरी गांव के बूथ न0. 217 व भूरी में बूथ नम्बर 194 पर पार्टी का ध्वज हर घर कार्यक्रम के तहत दर्जनों घरों पर लगाया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन को पन्ना प्रमुखों के साथ सुना और संकल्प लिया कि 2024 में पन्ना प्रमुख भाजपा को जिताकर ही दम लेंगे। नेहरा ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 43 वर्षों की भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है जबकि दूसरे दल व्यक्तिवाद की राजनीति करके अपने परिवारों का पोषण करने में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल के पास पन्ना प्रमुख का कोई तोड़ नहीं है।

## गन्नौर की नई अनाज मंडी में सरसों की फसल की आवक जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**गन्नौर** अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू होने से किसान काफी खुश नजर आ रहे है। किसानों का कहना है कि फसल के सही दाम मिल रहे है और फसल बेचने में भी कोई दिक्कत नही आ रही है। किसान अजमेर,नरेन्द्र,कुलदीप व संदीप ने बताया कि कुछ ढेरियों में थोड़ी बहुत नमी है उसको कुछ समय फैलाने से वह भी सही हो जाती है। मार्केट कमेटी सचिव चन्द्र प्रकाश ने बताया गन्नौर मंडी में अभी तक कुल 8354 कुंतल सरसों पहुची है जिससे से 7724 कुंतल की खरीद हो चुकी है और बाकी बची 630 कुंतल में कुछ नमी थी जिसके



चलते उसकी खरीद नही हुई है उसकी खरीद भी साय तक हो जाएगी। सचिव ने बताया अभी तक 4637 कुंतल सरसों की खरीद सरकारी एजेंसी ने की है जबकि 3187 कुंतल सरसों की खरीद प्राइवेट एजेंसी द्वारा खरीद गई है। सचिव जगबीर सिंह ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लेकिन मार्केट कमेटी द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए है। उन्होंने कहा कि किसान किसी तरह के असमंजस में न रहे। मंडी में हैफेड द्वारा सरकारी रेट पर फसल की खरीद की जा रही है। किसान मंडी में अपनी सरसों लेकर आए।

# हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन बने निर्यातक विनोद धमीजा

## सभी उद्योगपतियों के साथ मिलकर करेंगे पानीपत की इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के प्रयास: विनोद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के** ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित साहिल इंटरनेशनल के संचालक एवं प्रमुख निर्यातक विनोद धमीजा को हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स की आम सभा की बैठक बुधवार देर शाम को होटल गोल्ड में हुई, जिसमें चैंबर के 294 सदस्यों में से ज्यादातर सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में पानीपत इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के प्रधान एवं उद्योगपति प्रीतम सिंह सचदेवा ने शहर के निर्यातक एवं



समाजसेवी विनोद धमीजा को अगले दो वर्ष के लिये चैंबर का चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव रखा और सभी उद्योगपतियों ने उसका अनुमोदन किया। उसके उपरांत चुनाव अधिकारी पंकज कपूर ने निर्यातक विनोद धमीजा को हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का चेयरमैन घोषित कर दिया। चैंबर के नवनियुक्त चेयरमैन विनोद धमीजा का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।
वहीं चेयरमैन विनोद धमीजा ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी उद्योगपतियों के साथ मिलकर टेक्सटाइल नगरी पानीपत की इंडस्ट्री को बढ़ावा देने का काम करेंगे। इंडस्ट्री की समस्याओं का सरकार से बातचीत करके समाधान करवायेंगे। बैठक में चैंबर के निवर्तमान चेयरमैन विनोद खंडेलवाल व उनकी टीम के सदस्य उद्योगपति मोहन लाल गर्ग, राजेंद्र खुराना व राकेश भाटिया आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर पानीपत एक्सपोर्ट एसोसिएशन के प्रधान ललित गोयल, पानीपत डायर्स एसोसिएशन के प्रधान भीम राणा, उद्योगपति राम निवास गुप्ता, जगदीश जैन, रमेश वर्मा, सुरेंद्र मित्तल, सुनील तुली, सतीश गोयल, श्री भगवान अग्रवाल सहित काफी संख्या में उद्योगपति मौजूद रहे।

## केसरी के विजय ने अस्पताल में तोड़ा दम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
जिले के साहा क्षेत्र के गांव केसरी में एक युवक पर तेजधार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या कर दी गयी। मृतक युवक की पहचान विजय कुमार के तोर पर हुई है, वह 7 मार्च को गांव केसरी में अपने नाना के घर आया था, तभी से वह यहां रह रहा था। वारदात 31 मार्च की है। हमले में घायल विजय कुमार अस्पताल में उपचाराधीन था, जिसकी आज इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो पायी है। गांव केसरी किला माजरी निवासी अजय कुमार ने बताया कि 7 मार्च को उसका भाई विजय गांव केसरी आया था तभी से यहां रह रहा था। 31 मार्च को दोपहर बाद साढ़े 3 बजे अमन ने फोन करके सूचना दी कि तेरे भाई विजय की किसी ने गर्दन व बाजू काट दी है। वह तुरंत केसरी बस स्टैंड पर पहुंचा। यहां से लहूलुहान हालत में अपने भाई विजय को आदेश अस्पताल मोहड़ी लेकर चला गया। यहां इलाज के दौरान उसके भाई ने आज दम तोड़ दिया। मरने से पहले युवक अजय ने इशारों में सिर्फ इतना बताया था कि लोगों ने तेजधार हथियार से उसके ऊपर हमला बोला है और मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अजय ने बताया कि गर्दन कटने की वजह से उसका भाई बोलने में असमर्थ है। आदेश अस्पताल में भी उसकी भाई की गर्दन के 2 ऑपरेशन हुए लेकिन उसके भाई की जान नहीं बच सकी। अजय ने बताया कि उसके भाई ने इशारों में बताया कि मारपीट करने वाले 2 व्यक्ति थे। हमलावरों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। विजय की गर्दन और बाजू पर तेज धार हथियारों से हमला कर दिया।

## देश व हरियाणा में आने वाला समय में कांग्रेस सरकार बनना तय: ओमवीर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**विधानसभा** क्षेत्र के वार्ड नं0 13 उझा रोड़ स्थित एकता विहार कॉलोनी में आजाद रावल सुपुत्र प्रेम रावल के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया । इस अवसर पर उपस्थित कॉलोनी के सम्मानित बुजुर्गों व युवा साथियो ने काग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियो को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा के झूठे जुमलों से जनता अब ऊब चुकी है इसलिये देश व हरियाणा प्रदेश में आने वाले समय मे कॉंग्रेस की सरकार बनना तय है। आज पढा लिखा नोजवान बेरोजगार है व्यापारी, किसान सरकार की कुनीतियों से परेशान है। भाजपा नेता झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने माहिर है।

## श्री मंजी साहिब के सरोवर की कार सेवा में संगतों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गुरूद्वारा** श्री मंजी साहिब अंबाला शहर में आज सरोवर की सफाई की कार सेवा में भारी संख्या में संगतो ने भाग लिया। पवित्र सरोवर की कार सेवा सुबह 10 बजे शुरू हुई, जोकि शाम तक चली। मीरी पीरी के मालिक श्री गुरू हरगोबिंद साहिब जी की चरणछो धरती गुरूद्वारा मंजी साहिब के पवित्र सरोवर की सफाई की कार सेवा आज हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की देखरेख में



हुई। कमेटी के सदस्य टीपी सिंह ने बताया कि कमेटी के प्रधान महंत बाबा कर्मजीत सिंह के निर्देशानुसार आज यह कारसेवा संपन्न हुई। यह कार सेवा पंज प्यारो की अगुवाई में सबसे पहले अरदास की गयी। इस अवसर पर सैकडो की संख्या में संगते मौजूद थी। शहर की विभिन्न सोसायटियों, सेवा जत्थे ने इस पवित्र कार्य में भाग लिया। इस अवसर पर गुरू के लंगर अटूट बरताये गये।
सेवा के साथ साथ सरोवर के किनारे कीर्तन दरबार भी सजाया गया, जिसमें विभिन्न ढाडी व कीर्तनी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगतो को निहाल किया तथा सिख धर्म के इतिहास से रूबरू करवाया और संगतो से भी कहा गया कि वह प्रत्येक कार सेवा में बढ चढकर भाग लें। इस अवसर पर कंवलजीत सिंह अजराना, अंग्रेज सिंह कैथल, संत गुरमीत सिंह सिरसा, गुरू बक्श सिंह जगाधरी, मनजीत सिंह बब्बू, गुरमीत सिंह सेवक जत्था, हरभजन सिंह, सतेंद्र पाल सिंह सहित अनेक भारी संख्या में संगत मौजूद रही।

# गुल्लक तोड़ कर चोरी के आरोप में चार नामजद

## 20 मार्च को रात के समय नामजद लोगों ने मंदिर की गुल्लक का ताला तोड़कर चोरी किए थे रुपए

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा (बरसाना)।**
**राधारानी मंदिर** पर गुल्लक तोड़ने के आरोप में सिविल जज जूनियर डिवीजन के आदेश पर सह रिसीवर सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार 20 मार्च कि रात्रि राधारानी मंदिर में गुल्लक खोलने को लेकर मंदिर सेवायत भगवान दास गोस्वामी व सह रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी के मध्य विवाद हो गया था। विवाद की सूचना पर बरसाना पुलिस भी मंदिर



पहुच गई। वहीं रात्रि में मंदिर पर हुए बवाल को लेकर कस्बे के रहने वाले रसिक मोहन गोस्वामी ने सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां सह रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी, श्रीदामा गोस्वामी, ध्रुवेश गोस्वामी व पवन भट्ट निवासी बरसाना के खिलाफ गुल्लक तोड़ने व रुपये चोरी करने का प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर कोर्ट ने बरसाना पुलिस के लिए उक्त प्रकरण में विधिक कार्रवाई करने के आदेश दिए। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर बरसाना पुलिस ने मंगलवार को सह रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी, श्रीदामा गोस्वामी, ध्रुवेश गोस्वामी व पवन भट्ट निवासी बरसाना के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।
सह रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी ने बताया कि एडीजे तृतीय के आदेश पर उन्हें लाडली जी मंदिर का कार्यवाहक रिसीवर नियुक्त किया गया। मंदिर पर तैनात कर्मचारियों की सैलरी देने के लिए गुल्लक खोलने गया। गुल्लकों में से बरामद रुपयों में हिस्सा न मिलने पर वर्तमान मंदिर सेवायत व उनके समर्थकों ने बवाल कर दिया। कोर्ट को गुमराह करके इन लोगों ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद पंवार ने बताया कि सिविल जज जूनियर डिवीजन के आदेश पर सह रिसीवर सहित चार लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं उक्त प्रकरण में वर्तमान सेवायत सहित रात्रि में मंदिर परिसर मौजूद लोगों की भूमिका को लेकर भी जांच चल रही है।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया

**8 हनुमान शरीर से बलशाली, बुद्धि, विवेक और जीवन की सभी संकटों में उसका मुकाबला करने के लिए हमेशा प्रतिबंध रहते थे**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल बड़ी में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना -सभा का आयोजन करके सभी को अपनी तरफ आकर्षित किया। हनुमान चालीसा, नृत्य ,लघु नाटिका आदि के द्वारा उन्होंने प्रस्तुति देकर सबका मन - मोह लिया। छात्रों ने नाटक के



माध्यम से बताया कि जिनको श्रीराम का वरदान है ,गदाधारी जिनकी शान है। बजरंगी जिनकी पहचान है, संकट- मोचन वह हनुमान है। हनुमान जन्मोत्सव पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा- कि भगवान हनुमान शरीर से बलशाली, बुद्धि, विवेक और जीवन की सभी संकटों में उसका मुकाबला करने के लिए हमेशा प्रतिबंध रहते थे। हमें उनसे सीख लेनी चाहिए कि हमारे जीवन की किसी भी प्रकार की कैसी भी स्थिति क्यों ना हो ,हमें सभी परिस्थितियों का सामना बुद्धि के साथ करते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए।

## संपादकीय

# डिजिटलीकरण: अर्थव्यवस्था का अनूठा प्रेरक

**एक** अर्थव्यवस्था की लगभग हर गतिविधि की बुनियाद तैयार करने वाली एक राह के रूप में डिजिटलीकरण की अनिवार्य जरूरत को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है। इंटरनेट का बढ़ता प्रसार, किफायती डेटा, तकनीकी नवाचार और इन सबसे बढ़कर, डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का जोर सेवाओं की त्वरित आपूर्ति, बेहतर पहुंच और जवाबदेही में सुधार सुनिश्चित कर रहा है।

**डिजिटल बदलावों का असर:** वर्ष 2014-2019 की अवधि के दौरान, भारत की मुख्य डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी सकल मूल्य संवर्धन के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.4 गुना तेजी से बढ़ी। हाल ही में प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन के अनुसार, 2019 में कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल आधारित अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत थी। सरकार का मुख्य जोर डिजिटल क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करने पर रहा है, जो- अधिक सहभागी सेवा वितरण प्रणालियों के लिए डिजिटल घटकों की सार्वजनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है। बाजार की अगुवाई में होने वाले नवाचारों को प्रेरित करता है। सेवाओं के अधिक किफायती एवं त्वरित समावेशन को सुविधाजनक बनाता है। अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी प्रणालियों का विकास सुनिश्चित करके उपयोगकर्ता का भरोसा बढ़ाता है। पहुंच, सामर्थ्य, कनेक्टिविटी और समावेशिता में सुधार लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे डिजिटल इंडिया का व्यापक प्रभाव अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख घटक माना जाने वाला ह्यआधारह्न अपनी अनूठी विशिष्टता की वजह से इस देश के डिजिटल शासन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। केन्द्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली लगभग 1700 कल्याणकारी व सुशासन से जुड़ी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इन योजनाओं का लाभ आधार का उपयोग करके हासिल किया जाता है। आधार के उपयोग ने बिना किसी गड़बड़ी के लक्षित लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया है। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोड़ने के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। इसी तरह, रसोई गैस सब्सिडी योजना (पहल) में 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत और किसान सहायता योजना के तहत खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री में 12 मिलियन मीट्रिक टन की कमी के परिणामस्वरूप 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। देश में इस समय 1.17 बिलियन से अधिक मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ता, स्मार्टफोन का उपयोग करने वाले 600 मिलियन से अधिक लोग और 840 मिलियन इंटरनेट कनेक्शन हैं। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा लेने के मामले में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# कटघरे में जांच एजेंसियों की साख

तारकेश्वर मिश्र

> "यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव और मायावती दोनों के मामले सीबीआई को वापस लेने मजबूर किया गया था क्योंकि उस समय की केंद्र सरकार को इनका समर्थन चाहिए था द्य बाद में सर्वोच्च न्यायालय के दखल के बाद उन्हें दोबारा खोला गया किंतु उससे एजेंसी की स्वतंत्रता पर संदेह बन गया। इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय ने उसके बारे में पिंजरे में बंद तोते जैसी टिप्पणी की। कालांतर में उसके कुछ उच्च पदस्थ अधिकारी भी भ्रष्टाचार के मामले में पकड़े गए। लेकिन जबसे केंद्र में मोदी सरकार आई है इस एजेंसी ने राजनेताओं और उनके सहयोगियों की गर्दन में फंदा डालने में जो तेजी दिखाई उसकी वजह से एक तरफ तो उसकी तारीफ हुई किंतु दूसरी ओर ये आरोप भी लग रहा है कि उसका पूरा निशाना केवल विपक्ष के लोग ही हैं"

**जैसे** जैसे देश की जांच एजेंसियां भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है, वैसे-वैसे इन एजेंसियों का विरोध भी तेज हो गया है। फिलवक्त सीबीआई और ईडी विपक्षी दलों के निशाने पर है। विपक्ष का आरोप है कि सत्ताधारी दल इन एजेंसियों का दुरूपयोग कर अपने राजनीतिक विरोधियों की आवाज दबाना चाहता है। बीते दिनों ही विपक्ष के नेताओं ने लगातार गैर-बीजेपी सियासी दलों पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के एक्शन को कटघरे में खड़ा किया है। विपक्ष के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर ब्ठप् और म्क का गलत इस्तेमाल होने का आरोप लगाया है। विपक्ष ने कहा है कि इन कार्रवाईयों से जांच एजेंसी की साख खराब हो रही है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने एक बयान में कहा था, बीजेपी सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर देश के लोकतांत्रिक बुनियाद को लगातार हिलाने की कोशिश कर रही है. भाजपा को जो भी विपक्षी दल मजबूत नजर आता है,उसके यहां सीबीआई- ईडी भेज देती है और उसके नेताओं को पकड़ कर जेल में डाल देती है। ऐसे समय जब केन्द्रीय जांच एजेंसिया विपक्ष के निशाने पर है तब सीबीआई के हीरक जयंती पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ये कहना मायने रखता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लडने में आज राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है और अधिकारियों को बेहिचक भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहिए, भले ही वे कितने भी ताकतवर हों। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र दोनों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है और सीबीआई की जिम्मेदारी इससे देश को मुक्त कराना है। पीएम मोदी ने जांच एजेंसी के अधिकारियों को संबोधित करते हुए ये भी कहा कि दशकों से भ्रष्टाचार का लाभ उठा चुके लोगों ने उसको बदनाम करने का एक तंत्र बना रखा है जिससे उसे विचलित न होते हुए अपना काम निडर होकर करते रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उक्त अवसर पर और भी बहुत कुछ कहा लेकिन उस सबका सार यही है कि उनकी सरकार ने राजनीतिक हस्तियों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो अभियान छेड़ रखा है उसे यह जाँच एजेंसी अंजाम तक पहुंचाए।



इसमें दो मत नहीं है कि सीबीआई देश की बेहद सक्षम जांच एजेंसी है। उसकी विश्वसनीयता इसी बात से जानी जा सकती है कि किसी भी राज्य में बड़ी आपराधिक घटना या भ्रष्टाचार का काण्ड सामने आने पर उसी से जांच करवाने हेतु जनता तक सामने आती रही है। विपक्ष में बैठे दल भी राज्य की पुलिस अथवा अन्य जांच एजेंसी पर अविश्वास जताते हुए मामला सीबीआई को सौंपने की माँग करते थे। अनेक संगीन वारदातों में अपराधियों तक पहुँचने में सीबीआई ने उल्लेखनीय कार्य किया है। लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले के आरोप में जेल भिजवाने का श्रेय भी इसी एजेंसी को है। स्व. जयललिता भी इसी के कारण सजा भोगने मजबूर हुईं। लेकिन इससे अलग हटकर देखें तो अनेक ऐसे प्रकरण हुए जिनमें सीबीआई के हाथ बांध दिए गए और उसकी जांच राजनीति के फेर में फंसकर बेनतीजा रह गयी। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव और मायावती दोनों के मामले सीबीआई को वापस लेने मजबूर किया गया था क्योंकि उस समय की केंद्र सरकार को इनका समर्थन चाहिए था द्य बाद में सर्वोच्च न्यायालय के दखल के बाद उन्हें दोबारा खोला गया किंतु उससे एजेंसी की स्वतंत्रता पर संदेह बन गया। इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय ने उसके बारे में पिंजरे में बंद तोते जैसी टिप्पणी की। कालांतर में उसके कुछ उच्च पदस्थ अधिकारी भी भ्रष्टाचार के मामले में पकड़े गए। लेकिन जबसे केंद्र में मोदी सरकार आई है इस एजेंसी ने राजनेताओं और उनके सहयोगियों की गर्दन में फंदा डालने में जो तेजी दिखाई उसकी वजह से एक तरफ तो उसकी तारीफ हुई किंतु दूसरी ओर ये आरोप भी लग रहा है कि उसका पूरा निशाना केवल विपक्ष के लोग ही हैं। और जो आरोपी भाजपा के साथ चले जाते हैं उनकी जांच बंद कर दी जाती है।

हालांकि ऐसे आरोपों से एजेंसी का काम रुक जाए ये तो ठीक नहीं है किंतु केंद्र सरकार को विपक्ष न सही किंतु आम जनता को तो ये भरोसा दिलाना होगा कि संवैधानिक व्यवस्थानुसार विधायिका का स्थान सर्वोच्च है। ऐसे में राजनीतिक इच्छाशक्ति के सरकारी मशीनरी एक इंच भी इधर से उधर नहीं होती है। नौकरशाहों से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी तक सब गुटों में बंटे हैं। कोढ में खाज का काम वोट बैंक की राजनीति और वोट बैंक को सहेजने की ङ्कषचता में राजनीतिक दल और नेता अच्छे-बुरे का ख्याल किये बिना हर वो काम करने पर उतारू रहते हैं जिससे उनकी कुर्सी बची रहे और वो सत्ता सुख उठाते रहे। विधायिका की देखादेखी कार्यपालिका भी उसी रास्ते पर चलने लगी है। मलाईदार और पावरफुल पोस्टिंग की चाह में नौकरशाह सत्ता की चैखट पर लेटे दिखाई देते हैं। एक दारोगा रेंक का अधिकारी स्थानीय एमपी और एमएलए के दरवाजे पर अपनी नौकरी बचाने और मलाईदार पोस्टिंग के लिए जितनी भागदौड़ और गणेश परिक्रमा करता है अगर उसका दसवां हिस्सा भी वो ईमानदारी से अपनी डयूटी बजाने में करे तो देश से अपराध और अपराधी खत्म नहीं तो कम तो जरूर हो जाएंगे। लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था और उसके पालनहारों ने ऐसी व्यूह रचना रच रखी है कि ईमानदार प्रयास नक्कारखाने की तूती बनकर रह जाते हैं। जांच एजेंसियों और पुलिस-प्रशासन का बेजा इस्तेमाल नयी बात नहीं है। जांच एजेंसियों के अधिकारी अपने राजनीतिक आकाओं की पसंद और नापसंद के अनुसार ही काम करते हैं। राजनीतिक दबाव, हस्तक्षेप और दखलअंदाजी के चलते यह कह पाना कि जांच एजेंसियां पूर्ण निष्पक्षता, ईमानदारी और जवाबदेही से काम करती है पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाता है। सीबीआई ईडी और दूसरी जांच एजेंसियों को अपनी कार्यप्रणाली और व्यवहार से ये सिद्ध करना होगा कि वे राजनीतिक प्रतिशोध या पक्षपात से पूरी तरह परे है। वरना भ्रष्टाचार में लिप्त नेता जनता की सहानुभूति अर्जित करने में सफल हो जायेंगे। हालांकि आरोप तो न्यायपालिका पर भी लग रहे हैं किंतु उसकी भूमिका जांच एजेंसी की रिपोर्ट के बाद शुरू होती है। इसके अलावा सीबीआई को इस आरोप से भी बचना होगा कि वह छोटी मछलियों को ही फंसा पाती है और भ्रष्टाचार करने वाले मगरमच्छ बच जाते हैं ।किसी जांच एजेंसी की हीरक जयंती उसके लिए आत्मावलोकन का अवसर भी है। उस दृष्टि से प्रधानमंत्री ने उससे जो अपेक्षा की उसे पूरा करने के साथ ही उसे आम जनता में भी ये छवि कायम रखनी होगी कि उसकी स्वायत्तता पर किसी का नियंत्रण नहीं है। इसके लिए जरूरी है वह सत्ता से जुड़े भ्रष्ट चेहरों को भी उजागर करे क्योंकि देश को लूटने वालों की न कोई पार्टी होती है न ही सिद्धांत। स्वस्थ लोकतंत्र, कानून की रक्षा, अपराधों की रोकथाम और गुनाहगारों को जेल तक पहुंचाने में जांच एजेंसी की भूमिका अहम होती है। ऐसे में जरूरी है कि जांच और सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियों को काम करने की स्वतंत्रता प्रदान की जाए और उन्हें सरकारी और राजनीतिक दबाव और प्रभाव से मुक्त रखा जाए। वहीं जांच एजेंसियों के अधिकारियों को भी राजनीतिक आकाओं की बजाय संविधान और देश की प्रति वफादारी दिखानी चाहिए तभी कानून का राज स्थापित होगा और अपराध कम होगा।

**-उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतन्त्र पत्रकार।**

## कविता

न तेरा आना हुआ ना तेरी
खबर आई।
महकती तेरी सांसे तरबतर आई।

ख्वाबों, यादों को कौन रोक सकता है,
यादें तेरी यूं ही मेरे जेहन में जबर आई।

तेरी तरह तेरा ख्याल भी बेहद नाजुक
है,
तेरे जाने के बाद ही तेरे आने की खबर
आई।

तुझ से मिले सदियां गुजर गई हैं,
हवाओं,कलियों में चुपके से नजर आई।

मुझसे मिलने और बिछड़ने के बीच,
अब तेरे दिल में इश्क की लहर आई।

तेरा ख्याल हवा में तैरता है यूँ ही,
इस गजल में एक नई बहर आई।

छत्तीसगढ़,
---------

# भारत में कैसे कम हो पाएंगे सड़क हादसे

**रमेश सर्राफ**

**आज** कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो। जिसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गए 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा औसतन 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश भर में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के अलावा 3.71 लाख लोग घायल भी हुए थे। देश में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक रोड एक्सीडेंट के मामले 2020 में 3,64,796 से बढ़कर 2021 में 4,03,116 हो गए। मौतों में 16.8% बढ़ोतरी हुई है। 2020 में 1,33,201 और 2021 में 1,55,622 लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गवाई है। साथ ही 2021 में प्रति हजार वाहनों की मौत दर 2020 में 0.45 से बढ़कर 2021 में 0.53 हो गई है। विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण हुई हैं। देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान जाने से बचायी गईं। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का राजमार्ग ढांचा 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएगा। जिसके लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है और ग्रीन एक्सप्रेसवे और रेल ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतमाला 2 के लिए जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी मिलने की संभावना है और एक बार इसके बाद यह देश में एक मजबूत बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। गडकरी ने कहा मुझे विश्वास है कि भारत के राजमार्ग 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएंगे। भारत की लंबाई और चौड़ाई में हरित एक्सप्रेसवे के नेटवर्क सहित एक मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए समयबद्ध मिशन मोड में काम चल रहा है। गडकरी ने उम्मीद जतायी कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी।

## विचार

# बटका प्रवृत्ति को लेकर सतर्क तोताराम जी!

**सुनील कुमार महला**

**सदियों** सदियों से वैसे तो कुत्ते को आदमी का वफादार साथी कहा गया है, लेकिन कुत्ते की एक प्रवृत्ति काटने या 'बटका' भरने की भी होती है। जब जब आदमी कुत्ते के साथ बकवास(मतलब कुत्ते के साथ छेड़छाड़/ऊल-जलूल हरकत) करता है, तब-तब कुत्ता आदमी के शरीर में 'बटका' रोप देता है। वैसे तो आज का जमाना भी आपसी बटका-बटकी(दांतों से काटना) का है, लेकिन आजकल सबसे ज्यादा बटका-बटकी राजनेताओं में चलती है। वैसे, आज तक तो तोताराम जी को कुत्तों के बटके भरने से डर लगता आया है, क्यों कि कुत्ते द्वारा आदमी के बटका भरने पर नाभि में एकाध नहीं नाभि में पूरे चौदह इंजेक्शन लगते हैं। लेकिन आजकल तोताराम जी कुत्तों के 'बटका' भरने से बिल्कुल नहीं डरते, क्यों कि कुत्तों द्वारा आदमी के बटका भरना(आदमी को काटना) एक आम बात है और आजकल आम बात आम ही होती है, कभी खास नहीं बनती है। वैसे यह खास बात तब बन सकती है जब कोई आदमी 'कुत्ते' के बटका भर ले। समाचार भी वही बनता है, क्यों कि समाचार वह है जो असाधारण हो, जिसे कोई छुपाने की कोशिश कर रहा हो।

कुत्ते का आदमी को काटना एक साधारण प्रक्रिया है, इसलिए अमूमन यह समाचार नहीं बनता। लेकिन यदि आदमी कुत्ते को काट लें, मतलब आदमी कुत्ते के बटका भर ले, तो यह बात सुर्खियों में आ जाती है। बहरहाल, तोताराम जी आजकल डरते हैं तो राजनेताओं के 'नफरती और भड़काऊ' भाषाओं से, क्योंकि नेताओं में आजकल बटका प्रवृत्ति विकसित हो रही है। तोताराम जी कहते हैं कि नेताजी आजकल 'नफरती और भड़काऊ' भाषाओं से 'बटके पर बटका' भरते हैं। ये बटके 'कुत्तों के बटके' से भी खतरनाक श्रेणी के होते हैं, जिनके घाव कभी नहीं भरते। तोताराम जी कहते हैं कि गर ये बटके खतरनाक नहीं होते तो माननीय सुप्रीम कोर्ट को इन 'बटको' को लेकर शायद कड़ी टिप्पणी नहीं करनी पड़ती। इन बटकों में 'नफरत के कीटाणु' भरे पड़े हैं। आजकल नेता सार्वजनिक मंचों से 'बटके पर बटके' फेंकते हैं। इन बटको की खास बात यह होती है कि इनमें संयम नाम की कोई चीज नहीं होती। वास्तव में संयम और बटकों में उलटा संबंध पाया जाता है। मतलब यह है कि जहाँ बटका है, वहां संयम का कोई अस्तित्व नहीं, और जहाँ संयम है, वहां बटकों का कोई अस्तित्व नहीं। वैसे, राजनीति में धर्म का समावेश इन बटकों को 'परम सुपर बटका' बनाता है। आज टीवी चैनलों पर राजनैतिक दलों के प्रवक्ता उलट-सुलट मुंह चलाकर 'बटके पर बटका' भरते नजर आते हैं। आजकल ये बटके इतना नेम एंड फेम हासिल कर चुके हैं कि अपना धारदार मीडिया भी इनकी(बटका प्रवृत्ति) की धारदार कवरेज करता है। मजे की बात यह है कि इन 'बटकों' से एक तरफ सफेदपोशों का अच्छा-खासा काम चलता है तो दूसरी तरफ इस बटका प्रवृत्ति का निरंतर कवरेज करने के कारण मीडिया वाले भी ठाले नहीं रहते। देश की बेरोजगारी दूर हो रही है इस बटका प्रवृत्ति से। इन बटकों से नेताओं को जनाधार मिल रहा है और जनाधार से मलाई पर मलाई मारी जा रही है। इधर कुछ बटका चिकित्सकों को भी इससे रोजगार-वोजगार मिल रहा है। तोताराम जी को इन 'बटकों' से बहुत डर लगता है और पिछले कुछ दिनों से वे किसी 'बेहतरीन बटका चिकित्सक' की तलाश में हैं। बटके अद्भुत हैं, अकल्पनीय हैं, यह बात अलग है कि राज्य तक इन बटकों पर निष्क्रिय हैं। लेकिन अपने खासमखास तोताराम जी इन बटकों को लेकर अति सक्रिय और सतर्क हैं।

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)**


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दिव्यांगता: उनके सशक्तिकरण को प्रणाम

**संजीव ठाकुर**

**दिव्यांगों** की जिजीविषा अनुकरणीय' भारत के दिव्यांग जनों ने ओलंपिक में जिस तरह खेलों में अपना प्रदर्शन दोहरा कर स्वर्ण, रजत और अन्य पदक प्राप्त किए है, उसे देखकर उनकी क्षमता, ऊर्जा, शक्ति और जिजीविषा को दृष्टिगत रखे तो वे राष्ट्र की सलामी और अभिनंदन के हकदार हैं। पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की गणना के अनुसार दिव्यांगजन की जनसंख्या लगभग एक अरब है। भारत में ही 2011 की जनसंख्या के अनुसार 2.68 करोड़ दिव्यांगजन निवास करते हैं। दिव्यांगजन प्राकृतिक रूप से शारीरिक क्षमता में कमी के कारण आम आम नागरिकों की तरह जीवन यापन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। दिव्यांग जनों को कई श्रेणी में माना गया है जिनमें दृष्टि हीनता ,बधिरता,मुकता, चलने में असमर्थ, मानसिक कमजोरी , मानसिक रुग्णता, बहु दिव्यांगता आदि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है की सभी देशों में विकलांगों की समस्याएं अलग-अलग होने के बावजूद उनकी मूल समस्या एक जैसी है, जिसमें आमूलचूल बदलाव लाकर ऐसे व्यक्तियों को सशक्त किया जा सकता है। शरीर के किसी अंग अथवा मस्तिष्क के बाधित अथवा अपूर्ण विकास को दिव्यांगता के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो मानव समाज की एक संवेदनशील समस्या है। जिसका सामना विश्व के सभी देशों के दिव्यांग जनों को करना पड़ता है। दिव्यांग जनों को मूलतः शिक्षा,रोजगार, स्वास्थ्य, यातायात आदि तक पहुंच बनाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सामाजिक आर्थिक व शैक्षिक क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। इस संदर्भ में दृष्टि हिनता तथा बधिरता से ग्रस्त हेलेन केलर ने कहा कि "दृष्टि हिनों की प्रगति मुख्य बाधा दृष्टि हीनता नहीं, बल्कि दृष्टिहीन लोगों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच भी है" भारत सरकार ने इस संदर्भ में काफी विचार-विमर्श कर 1995 में विकलांगों के प्रति समाज के दायित्वों के निर्वहन हेतु विकलांग व्यक्ति अधिनियम पारित किया था, जिसे 1996 में लागू किया गया। अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए शिक्षा रोजगार सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं।

# गर्मियों में बालों का रखें सही ध्यान

**शहनाज हुसैन**

**गर्मियों** में बालों को अतिरिक्त देख भाल की जरूरत होती है / ज्यादा आर्द्रता और अधिक गर्मी बालों की सेहत को प्रभावित करते हैं। जहां ज्यादा नमी से बालों की लटों में खिंचाव आता है, वहीं तेज गर्मी और धूप से बाल सख्त और बेजान से दिखने लगते हैं। विशेषज्ञों का मानना है की गर्मियों में बाल सबसे ज्यादा झड़ते हैं / गर्मियों के दौरान सिर पर बहुत अधिक पसीना आता है जिससे रुसी पैदा हो सकती है और सिर गन्दा लगता है और बालों को हर दिन धोने की इच्छा होती है लेकिन रोजाना बाल धोने से बालों का प्रकृतिक तेल खत्म हो जाता है / गर्मियों के दौरान सिर पर बहुत अधिक पसीना आता है, जिससे रूसी पैदा हो सकती है। इससे सिर गंदा लगता है और बालों को हर दिन धोने की इच्छा होती है, लेकिन यह सही नहीं है। रोज बाल धोने से बालों का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है, इसलिए गर्मियों में हम हफ्ते में कम से कम 2 से 3 बार तक ही बाल धोने चाहिए ताकि बालों में से गंदगी साफ हो जाये और बाल घने और लम्बे नजर आए लेकिन बालों को धोने के साथ ही सुखाने का सही तरीका भी आना चाहिए/

गर्मियों में बाल धोने के बाद उन्हें सुलझाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है जिसकी बजह से अकसर बाल दो मुंहे हो जाते हैं / अपने बालों को सुंदर बनाए रखने के लिए सबसे उपयुक्त तरीका है, उन्हें नियमित रूप से धोना और फिर अच्छे से प्रकृतिक रूप में सुखाना । यह गर्मियों में आर्द्रता से बालों को होने वाले नुकसान को कम करता है। ज्यादातर महिलाएं बालों को धोने के बाद तौलिये से लपेट लेती हैं / कभी भी गीले बालों को नहीं बांधना चाहिए। ऐसा करने से बाल सुख नहीं पाते हैं जिससे बालों से बदबू आती है। इसके साथ.साथ ऐसा करने जुएं होने की भी संभावना रहती हैं। कुछ लोग बालों को बहुत देर तक तौलीये में रगड़े रहते हैं जिससे बाल टूटते हैं और खराब होते हैं। इसकी बजाय एक माइक्रोफाइबर तौलिये का उपयोग करें जो बालों को अच्छे तरीके से सुखाने में मदद करेगा। आप लोगों को अजीब लग रहा होगा न कि मैं बालों को धोने के सही तरीकों के बारे में क्यों बात कर रही हूं। है न ? इसमें कौन सी बड़ी बात है। ये तो सबसे आसान काम है।

# 'प्रॉपर्टी आईडी इंटीग्रेशन का काम जल्द पूरा करें'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने गुरूवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित एक मीटिंग में निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निगम क्षेत्र में 10 से 20 किलोमीटर तथा पालिका क्षेत्रों में 2 से 5 किलोमीटर लम्बाई वाली सडकों का चयन करके उनका सौंदर्यकरण करें। चौक-चौराहों पर ट्राईकलर की एलईडी लाईटें, सडक किनारे लगे स्टैचू व फव्वारों पर बहुरंगी लाईट लगाकर उन्हें नई लुक दें। पार्कों व शमशान घाट की चार-दीवारी करके उनमें ज्यादा से ज्यादा जन सुविधाएं जुटाई जाएं, इससे हमारे शहर सुंदर दिखाई देंगे। इस काम के लिए ऑर्किटैक्ट या कंसल्टेंट ले सकते हैं। इन कार्यों में खर्चे की जहां तक बात है नगर निगम क्षेत्र में 50 प्रतिशत और पालिका क्षेत्र में कुल व्यय का 65 प्रतिशत हिस्सा सरकार की ओर से दिया जाएगा।
उन्होंने बताया कि सडक नगर निगम के अतिरिक्त एचएसवीपी और पीडब्ल्यूडी की भी हो सकती है, उनसे एनओसी ले ली जाए। सडकों की बाउण्डरी लाईन की मार्किंग की जाए, उसके अंदर वाहन खड़े करने वाले का चालान करें। उन्होंने यह कार्य आगामी 31 मई तक कर लेने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

प्रॉपर्टी आईडी इंटीग्रेशन और आपत्तियां को राईट टू सर्विस समयावधि में निपटाने के निर्देश

मीटिंग में मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी आईडी इंटीग्रेशन का काम जल्द से जल्द पूरा करें और इससे सम्बंधित एनडीसी पोर्टल पर जो भी आपत्तियां आती हैं, उन्हें राईट टू सर्विस के तहत निर्धारित समयावधि में निपटाएं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने प्रॉपर्टी इंटीग्रेशन के काम को ॲडाप्ट किया और इसमें सफलता हासिल की। हालांकि यह काम मुश्किल भरा था, लेकिन इसके लिए निकाय विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने मेहनत की, वे बधाई के पात्र हैं।
करनाल नगर निगम और पालिकाओं के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि नगर निगम में 1 लाख 66 हजार 739 प्रॉपर्टी में से 1 लाख 56 हजार 156 के इंटीग्रेशन का काम मुकम्मल किया जा चुका है, जबकि निसिंग नगर पालिका में सभी 9 हजार 78 प्रॉपर्टी का इंटीग्रेशन मुकम्मल हो गया है। इसी प्रकार घरौंडा नगर पालिका की 18 हजार 800 में से 17 हजार 197, असंध नगर पालिका की 11 हजार 410 में से 7 हजार 833, तरावड़ी नगर पालिका की 12 हजार 159 में से 12 हजार 403, नीलोखेड़ी नगर पालिका की 8 हजार 26 तथा इन्द्री नगर पालिका 5 हजार 398 में से 5 हजार 42 प्रॉपर्टी इंटीग्रेशन का काम मुकम्मल कर लिया गया है। उन्होंने नगर निगम व पालिका सचिवों से कहा कि वे इस काम में जो भी पैंडेंसी है, उसे आगामी 15 अप्रैल तक निपटा लें।

**8 1 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक चालू वित्त वर्ष के प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी**

करनाल नगर निगम द्वारा प्रदेश में सर्वाधिक प्रॉपर्टी टैक्स कॉलैक्शन के लिए दी बधाई
नए वित्तीय वर्ष में भी टैक्स कॉलैक्शन बढ़ाने के निर्देश- मीटिंग में मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने वर्ष 2022-23 में करनाल नगर निगम द्वारा रिकॉर्ड प्रॉपर्टी टैक्स कॉलैक्शन के लिए नगर निगम अधिकारियों की पीठ थपथपाई और कहा कि निगम ने अपने प्रयासों से 33 करोड़ रुपए से अधिक की राशि टैक्स के रूप में एकत्र करके जो रिकॉर्ड कायम किया है, उसके लिए अधिकारी बधाई के पात्र हैं।
उन्होंने जानकारी दी कि सरकार ने निर्णय लिया है कि 1 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक चालू वित्त वर्ष के प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि शहर में मुख्य चौक-चौराहों पर छूट का लाभ लेने की सूचना के होर्डिंग प्रदर्शित किए जाएं।

## छीनाझपटी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने 15 दिसम्बर 2022 को पुलिस चौकी निलोखेडी एरिया से एक मूंगफली की रेहडी लगाने वाले व्यक्ति से चाकू के बल पर नगदी व मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम दिया था।
पुलिस टीम ने गत दिवस दो आरोपियों प्रवीन उर्फ बिना पुत्र रमेश चंद वासी गांव बुटाना जिला करनाल व साहिल उर्फ चीलबाज पुत्र शीशपाल वासी सिकरी कालोनी थाना बुटाना जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर जीटी रोड बुटाना से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी शराब का नशा व अय्याशी करने के आदी हैं। आरोपियों के पास शराब का नशा करने के लिए पैसे नहीं थे। इसलिए आरोपियों ने छीनाझपटी की वारदात को अंजाम दिया।
पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी प्रवीन के खिलाफ पहले एक मामला इसराना जिला पानीपत में आपसी विवाद व आरोपी साहिल के खिलाफ पहले एक मामला थाना बुटाना जिला करनाल में चोरी करने का दर्ज है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में छीना गया मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल मोटरसाईकिल को बरामद कर लिया गया है। शिकायतकर्ता से छीनी गई नगदी को आरोपियों ने शराब पीने व अपने शौक पूरे करने में खर्च कर दिया था।

## लोवा कलां में रही हनुमान जन्मोत्सव की धूम,

टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़
**भगवान** हनुमान जी जन्मोत्सव पर लोवा कलां सिद्दिपुर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। स्व. श्री श्रीचंद मान परिवार की तरफ से हर साल की तरह इस बार भी 61वां हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह कन्या गुरूकुल की छात्राओं और आचार्यों ने हवन यज्ञ किया। हवन यज्ञ में स्व. श्रीचंद मान के तीनों बेटे अशोक मान, दलबीर मान और सिकन्दर मान के साथ विराट मान, साहिब मान, पारस मान, सूर्या मान और आर्यन मान, मानसी मान भी मौजूद रहे। हवन यज्ञ के बाद धर्मगुरूओं ने सत्संग और प्रवचन भी किया। बॉलिवुड कलाकार पुनीत इस्सर, बिन्दु दारा सिंह, हिन्दी फिल्मों के मशहूर विलेन रणजीत, मिजार्पुर के लाला समेत काफी संख्या में बॉलिवुड कलाकारों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान रागणी का मचं भी सजाया गया। मंच से फिल्मी सितारों ने रामायण के दो प्रसंगो पर अभिनय भी किया। पुनीत इस्सर ने टी वी अभिनेत्री के साथ माता सीता हरण के दौरान रावण और सीता के संवाद का चित्रण किया। वहीं बिन्दु दारा सिंह के साथ पुनीत इस्सर ने लंका दहन से पहले रावण और महाबली हनुमान के संवाद का चित्रण किया। भंडारे में सभी राजनीतिक दलों से राजनीतिक हस्तियों , सामाजिक और उद्योगों से जुड़े लोगों ने भी शिरकत की। भंडार में गीत और भजन गाते हुए महिलाओं की टोलियां भी पहुंची। आयोजन स्थल के द्वार पर अशोक मान, दलबीर मान और सिकन्दर मान ने फूलों की बारिस कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए आए लोगों का स्वागत किया। पालम 360 खाप के प्रधान रामकुमार सोलंकी, महरौली 360 खाप के प्रधान गोवर्धन, महरौली 96 के प्रधान पृथ्वी सिंह ,दलाल 84 खाप के प्रधान भूप सिंह, तिहाड़ बारह राकेश नम्बरदार, ढांसा बारह के खजाने सिंह ,दिल्ली किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र डागर , दलजीत डागर, भी खाप और तपों के प्रतिनिधियों के साथ भंडारे में पहुंचे और लोवा सत्रह के प्रधान अशोक मान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया।

## वीर आसन मन को नियंत्रित करना सिखाता है : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा** मिशन स्वस्थ भारत द्वारा फव्वारा पार्क योग कक्षा में हनुमान महोत्सव के अवसर पर योग साधकों ने हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया और हनुमान चालीसा के साथ योग सत्र की शुरूआत करते हुए अंत में आरती के साथ समापन किया। दिनेश गुलाटी ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी और योग साधकों ने जय श्री राम और जय वीर हनुमान के जयकारों के साथ योगाभ्यास किया।
उन्होंने कहा कि इस विशेष दिन हनुमानजी की उपासना करने से सभी दुख दूर हो जाते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसी बीच हनुमान जी के भक्ति भाव से पूर्ण भजनों के साथ सभी योग क्रियाएं और प्राणायाम का अभ्यास किया गया। वीर आसन का अभ्यास करते हुए हनुमान के जयकारे लगाए। योग शिक्षिका निधि गुप्ता और एनफ चौधरी ने अन्य योगाभ्यास करवाए। दिनेश गुलाटी ने वीर आसन के लाभ बताते हुए कहा कि वीर आसन से शरीर ऊर्जा से भर उठता है और मन को शांत करने में आसानी होती है। वीर आसन मन को नियंत्रित करना सिखाता है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरिः जगमोहन आनंद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** के मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा के लिए हमेशा से ही राष्ट्रहित और राष्ट्रनीति सर्वोपरि रही है। भाजपा की राजनीति जनता, समाज और देश हित के लिए होती है। भाजपा सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि सत्ता के माध्यम से सेवा की राजनीति करती है। जगमोहन आनंद वीरवार को करनाल शहरी मंडल के बूथ नंबर 122 में नार्थ इंडिया लाइफ साइंस के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा का ध्वज फहराया एवं सभी से अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति और लोकनीति से प्रेरित भाजपा एक मजबूत, आत्मनिर्भर, समावेशी और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है। पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानवतावाद की सोच से अत्यंत प्रेरित रही है। भाजपा को भारतीय समाज के हर वर्ग का लगातार समर्थन मिल रहा है। जगमोहन आनंद ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश-प्रदेश ने विश्व स्तर पर ख्याति हासिल की है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत का ही परिणाम है कि आज देश और प्रदेश का नेतृत्व कुशल एवं सक्षम हाथों में है। इस अवसर पर आल इंडिया कश्यप राजपूत पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक ओम भारद्वाज एवं हरियाणा आयुर्वेदिक मैन्युफैक्करिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप भारद्वाज कश्यप द्वारा अपने साथियों सहित कार्यक्रम में पहुंचने पर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, पार्षद प्रतिनिधि राजिंद्र सिरसी, रामनगर मंडल के महामंत्री प्रमोद नागपाल, आरएल शर्मा, मनोज अरोड़ा, डा. महेश सुखीजा, गुलशन डावर, जतिन सिंगला, मोहित सुखीजा, संजीव मेहता, अभिषेक सिंगला, अभिषेक गुप्ता, विकास सिंगला व डा. अजय रहलान व अन्य मौजूद रहे।

## मानव सेवा संघ में 9 अप्रैल को लगेगा शहीदों की याद में रक्तदान शिविर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन के सहयोग से रविवार 9 अप्रैल को मानव सेवा संघ में आजादी आंदोलन के शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश देते हुए रक्तदानियों को हेलमेट वितरित किए जाएंगे। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया व ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने बताया की जिन देश के महान शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, उन्हीं शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन मानव सेवा संघ में रविवार 9 अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रक्तदानियों को ट्रैफिक नियमों के पालन का सन्देश देते हुए हेलमेट वितरित किए जाएंगे।
नरेंद्र अरोड़ा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा की शहीदों की याद में ज्यादा से ज्यादा युवा रक्तदान करें। उन्होंने कहा की रक्तदान शिविर में शहर के प्रतिष्ठित लोग भाग लेंगे और शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है।

## भाजपा स्थापना दिवस पर अंजू भाटिया ने पार्टी के लगाए झंडे

**समालखा : गांव मनाना** मे भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि करनाल के सांसद संजय भाटिया की धर्मपत्नी अंजू भाटिया थी ' कार्यक्रम में पहुंचने पर अंजू भाटिया का महिलाओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया ' बूथ नंबर 169 से 174 तक अंजू भाटिया ने लोगों के घर की छत पर भाजपा पार्टी का झंडा लगाया ' उनके साथ जिला परिषद चेयरमैन ज्योति शर्मा प्रदीप बिहोली डॉ अर्चना सोनी सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने पार्टी के लगाए झंडे समालखा भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर गांव में भाजपा पार्टी के लोगों के घरों में हजारों झंडे लगाए।

## 'देश लुटता रहा चौकीदार खामोश रहा, जनता मांगेगी हिसाब'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** विधानसभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा है कि देश के सरकारी प्रतिष्ठान बिकते रहे। करोड़ों का कर्ज लेकर उद्योगपति देश से भागते रहे। अडानी के माध्यम से चार लाख करोड़ का घोटाला हो गया और चौकीदार चुप रहा। उन्होंने कहा कि जिन वायदों को करके नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, लेकिन उन्होंने देश के साथ विश्वासघात किया। देश परिवर्तन चाहता हैं। आने वाले दिनों में सरकार कांग्रेस की बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर राहुल गांधी और कांग्रेस का साथ दें। यदि इस समय देश के लोग सोते रहे तो आने वाली पीढियां हमें माफ नहीं करेंगी। कुलदीप शर्मा करनाल की नई अनाज मंडी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंतर्गत आयोजित सभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर मोदी और खट्टर सरकार के खिलाफ चार्जशीट लोगों के समक्ष पढ़ी। कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस के पूर्व शहरी जिलाध्यक्ष अशोक खुराना रहे।
पूर्व स्पीकर ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंनें बताया कि पिछले आठ सालों में मोदी सरकार की कलई खुल चुकी है। जिन मुद्दों पर उन्होंने सत्ता हासिल की, उन मुद्दों पर वह विफल रहे हैं। आज देश बिक भी रहा है और लुट भी रहा है। देश का प्रधान सेवक उनका साथ दे रहा है। जिला संयोजक लहरी सिंह ने कहा कि आज देश को अडानी का मुनीम चला रहा है। कार्यक्रम के संयोजक अशोक खुराना ने कहा कि आज देश में बदलाव की लहर चल रही है। ऐसे में देश में कांग्रेस का राज आएगा। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश सत्ता के रखवालों के हाथों लुट रहा है। आज समय राहुल गांधी के हाथ मजबूत कर रहा है। सरकार के विरोध में आंधी चल रही हैं। मंडी प्रधान रजनीश चौधरी ने कहा कि इस राज में व्यापारी, आढ़ती, किसान सभी दुखी हैं। लोग हुड्डा के राज को याद करते हैं।

## 43वें स्थापना दिवस पर भाजयुमों ने घरों में फहराए पार्टी के झण्डे



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारतीय** जनता पार्टी सोनीपत के जिला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा ने कहा कि भाजपा जनभावनाओं के अनुरुप विकासात्मक दृष्टिकोण लेकर आगे बढ़ रही है। राष्ट्र की एकता व अखण्डता के साथ आमजनों के हितों को सुरक्षित रखने का काम किया जा रहा रहे। ये बातें उन्होंनें वीरवार को स्थानीय पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर आयोजित शहीद भगत सिंह मंडल के कार्यक्रम में कहीं। शहीद भगत सिंह मंडल के अध्यक्ष व पार्षद सुरेन्द्र मदान नें बताया कि जिले मंडलों में घरों पर पार्टी का ध्वज पहराकर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का सम्बोधन सुनकर पार्टी का 43वां स्थापना दिवस मनाया।
जिला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा व पर्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि भाजपा सबका साथ - सबका विकास और सबका विश्वास कायम करने के मूलमंत्र पर अग्रणी बनी हुई है। भाजपा को यहां तक पहुंचाने में यहां तक पहुंचाया सारा जीवन पार्टी के स्थापना दिवस पर उन सभी कार्यकताओं का सादर नमन करना बहुत आवश्यक है। भाजपा प्रत्येक कार्यकर्त्ता मां समान है। भाजपा नें देश को विकासात्मक बदलाव की ओर ले जाने का काम किया है। उन्होंनें कहा कि आज पार्टी के कर्मठ कार्यकर्त्ताओं के बलबूते संगठित ढंग से पार्टी आगे बढ रही है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्त्ताओं की पार्टी है जिसमें बिना किसी भेद-भाव के तथा परिवारवाद से दूर रहते हुए जनहित की सोच को सर्वोपरि माना जाता है। उन्होंनें कहा कि पिछले 42 सालों के कार्यकाल में भाजपा नें कई उतार चढाव देखें हैं लेकिन कार्यकर्त्ताओं के अथक प्रयास से और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 2014 में पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनीं उसके बाद से भाजपा की जीत का सफर लगातार जारी हैं।

## मंत्री कमल गुप्ता ने बिजली विभाग के 2 सीए और निगम के जेई को किया सस्पेंड






**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहरी स्थानीय** निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने गुरुवार को करनाल पंचायत भवन में लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने एक बिजली उपभोक्ता का बिल समय पर न बनाने पर बिजली निगम के 2 कमर्शियल असिस्टेंट (सीए) और शिकायत निवारण होने से पहले शिकायतकर्ता से काम पूरा होने की चि़ी पर हस्ताक्षर करवाने के आरोप में नगर निगम करनाल के जेई को सस्पेंड करने के आदेश दिए। मंत्री कमल गुप्ता ने बैठक में कुल 19 शिकायतों को सुना और 15 शिकायतों का मौके पर निवारण कर दिया जबकि 4 शिकायतें अगली बैठक के लिए लंबित रखी है।
बैठक के दौरान अमुपुर गांव की बीरो देवी ने बिजली कनेक्शन को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने मंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि बिजली विभाग ने उसे हर महीने बिल भेजने की बजाए कई साल का 55,312 रुपये बिल भेज दिया। इस पर मंत्री ने संबंधित एक्सईएन से रिपोर्ट मांगी। एक्सईएन की जांच रिपोर्ट में बिजली निगम के दो कमर्शियल असिस्टेंट (सीए) की लापरवाही पाई गई। इस पर मंत्री ने कार्रवाई करते हुए बिजली निगम के सीए राजेश और धर्मसिंह को सस्पेंड करने के निर्देश दिए।
**नगर निगम के जेई को भी किया सस्पेंडः** इसी तरह खोड़ा कॉलोनी की शिकायतकर्ता उषा रानी ने शिकायत की थी कि उसके घर के आगे बहुत बड़ा गड्ढा है, उसमें मिट्टी डालने के बाद भी गड्ढा हो जाता है। वह नगर निगम के लगातार चक्कर लगा रही है। इस पर मंत्री ने शिकायत निवारण के निर्देश दे दिए। शिकायत के उपरांत महिला दोबारा मंत्री कमल गुप्ता के समक्ष पेश हुई और आरोप लगाया कि नगर निगम के एक कर्मचारी ने गड्ढा भरे बिना ही उससे काम पूरा होने की चि़ी पर हस्ताक्षर के लिए कहा है। इस पर मंत्री ने नगर निगम के उस जेई को सस्पेंड करने के निर्देश दिए।
**फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पेंशन बनवाने वाले पर एफआईआर करने के आदेशः** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पेंशन लेने वाले एक आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश दिए। रमाना-रमानी के राजिंद्र सिंह ने पिछली कष्ट निवारण समिति की बैठक में गांव के ही गुरबाज सिंह के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पेंशन लेने के आरोप लगाए थे। इस शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त करनाल डॉ. वैशाली शर्मा ने जांच की और आरोपों को सहीं पाया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

# नरेला में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हनुमान जन्मोत्सव** पर्व नरेला में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी मंदिरों में अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए। कई जगह शोभायात्रा निकाली गई। नरेला के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

हनुमान जन्मोत्सव के चलते जय श्री राम, जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसी क्रम में बजरंग सेना संकीर्तन मंडल द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम, जय बजरंगबली के जयघोष करते हुए चल रहे थे।

शोभा यात्रा नरेला के राम कुटी मंदिर में भगवान श्री हनुमान की विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर प्रांगण से ढोल, नगाड़ा, बैंड-बाजों के साथ रवाना हुई। जिसमें



देवी-देवताओं की मनोरम झांकियां, भगवा साफा पहने हुए घुड़सवार धर्म ध्वजा लेकर शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा पुरानी अनाज मंडी, मंगला चौक, लामपुर रोड बांकनेर गांव होते हुए बांकनेर के प्राचीन श्री दादा माई वाले मंदिर में संपन्न हुई। शोभा यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में राधा कृष्ण, शिव पार्वती नृत्य करते कलाकार सहित आधा दर्जन झांकियां शामिल रही। इस दौरान भगवान हनुमान की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जहां-जहां से शोभा यात्रा गुजरी वहां मौजूद हर व्यक्ति इन मनमोहक झांकियों को देखने के लिए वही थम गया। भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर हनुमान जी के जयकारे लगाते नाचते गाते चल रहे थे। वही हनुमान जी के साथ अन्य देवी-देवताओं की शानदार सुशोभित झांकियों ने भक्तों को दर्शन दिए तथा शोभायात्रा के दौरान भजनों व पुष्पवर्षा ने भक्तों को भक्तिरस से सरोबार कर दिया। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर योगी हितेश्वर नाथ ,धर्म सिंह राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश, लोकेश प्रजापति केंद्रीय राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश, राज्यसभा सांसद गुजरात दिनेश अनावड़िया, बजरंग सेना संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष राहुल प्रजापति, बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, मनोनीत निगम पार्षद मुकेश मान, पूर्व पार्षद सविता खत्री, जिला मंत्री राजेश जैन, राजेश खत्री, अमित भारद्वाज, पूर्व निगम प्रत्याशी आनंद खत्री, भानु प्रकाश खत्री, अजीत प्रजापति, रोहित प्रजापति, विक्की सैनी, डॉक्टर संजय, सोनू प्रजापति, दीपक प्रजापति, रवि प्रजापति, नरेश सिंघल, रजत शर्मा, अजय, सोनू, सतवीर प्रजापति, नीतू, घनश्याम जिंदल सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।




## हैदरपुरः हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हनुमान जन्मोत्सव** के शुभ अवसर पर हैदरपुर नहर प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर के अलावा मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव, मंडल महामंत्री वीरेन्द्र सिंह पिंटू, भैरव झा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है। बजरंग बली उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। उन्होंने कहा कि आज वार्ड में कई जगहों पर हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे और शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## वजीरपुरः धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता युवा मोर्चा वजीरपुर मंडल द्वारा प्रभु श्री राम जी के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सामुहिक श्री हनुमान चालीसा सम्पूर्ण पाठ युवा मोर्चा अध्यक्ष शेखर कोली जी के नेतृत्व में वजीरपुर जे.जे कॉलोनी जे-3 पार्क में सम्पन्न हुआ। जिसमें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ महेंद्र नागपाल, पूर्व पार्षद कुमारी ममता ढिका एवं प्रमोद, राजकुमार, संघ परिवार के नगर कार्यवाह सतवीर, मण्डल अध्यक्ष अमन ढिका, महामंत्री जसवंत, संजीव पाठक, अजय, संदीप, राहुल, नवीन, रिषी, दीपक विजय, सुमित चौहान, अनुज, आशीष, जय प्रकाश, दीपक गुप्ता सभी क्षेत्रवासी एवं युवा मोर्चा की टीम उपस्थित रहीं। युवा मोर्चा अध्यक्ष शेखर कोली ने कहा कि सभी लोगों को हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।

## भाजपा जिला चांदनी चौक में हर्षोल्लास से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय जनता** पार्टी का स्थापना दिवस देशभर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिसके अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ, मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर पर भव्य कार्यक्रम के आयोजन करते हुए पार्टी के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी क्रम में भाजपा जिला चांदनी चौक कार्यालय में भी भव्य कार्यक्रम किया गया।

कार्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ने बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का



संदेश सुना। जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कार्यकताओं से आह्वान किया की सेवा करें, जरूरततमंद लोगों को चिन्हित करके उन तक पहुंचे। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा की भाजपा का लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है, भाजपा का लक्ष्य देश के हर नागरिक का दिल जीतना है और ये काम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर करना है। इस मौके पर पूर्व महापौर जय प्रकाश मुख्य रूप से उपस्थित रहे इसके अलावा जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, महामंत्री प्रवीण जैन, अजय भारद्वाज, राम देव शर्मा, मीडिया संयोजक इमतियाज अहमद मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, दो धरे गए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण पूर्वी** जिले के सरिता विहार इलाके में एक व्यक्ति को विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर कुछ लोगों ने लाखों रुपये ठग लिये। वारदात को अंजाम देने के बाद ये लोग ऑफिस बंद करके फुर्र हो गए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त मामले में दो लोगों को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार दिलावर सिंह परिवार के साथ बदरपुर में रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में दिलावर ने बताया कि वह बदरपुर में परिवार के साथ रहते है। वह पहले दुबई में काम करते थे। पिछले तीन सालों से दिल्ली में हैं। कुछ माह पहले उन्हें सोशल मीडिया से पता चला कि एक कंपनी तुर्किये में नौकरी लगवा रही है। पीड़ित ने कंपनी के लोगों से संपर्क किया। जिन्होंने बताया कि एक लाख रुपये लगेंगे। पीड़ित के अनुसार उन्होंने पहली किस्त 10 हजार रुपये की दी। कुछ दिन बाद कंपनी वालों ने मेडिकल करवाने के लिए कहा। पीड़ित ने अपना मेडिकल करवाया। उसके बाद उसे ई-टिकट व वीजा दिया गया।

## सावन पार्क : पूर्व पार्षद सरदार मान सिंह ने किया हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के सावन पार्क में हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, राहुल स्वामी, जितेन्द्र कुमार, पवन कुमार और धार्मिक एकता मंच के पदाधिकारियों के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने कहा कि प्रभु हनुमान जी सभी की सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से हनुमान की भक्ति



करें। उन्होंने कहा कि सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य की हमेशा ही जीत होती है। इसलिए सभी सत्य का साथ दे।

# शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्र निर्माण** को समर्पित भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर दिल्ली के हैदरपुर में पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय को दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। बूथ नम्बर 95,97,85,86 के सभी कार्यकर्ता व स्थानीय निवासी के घर जाकर बीजेपी का झंडा बांधा। पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने बताया कि हैदरपुर, संजय कैंप सेवा बस्ती में छोटे-छोटे नन्हें बच्चों व कार्यकर्ताओं के साथ बीजेपी का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही देश के निर्माण में बीजेपी की उपलब्धियों व कैसे बीजेपी के एक-एक कार्यकर्ता कार्य करते हैं, इसके विषय में भी सभी को बताया। पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने बताया कि इस मौके पर सभी को लड्डू का भी वितरीत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव, मंडल महामंत्री, वीरेंद्र सिंह पिंटू, राजेश गुप्ता, रेणु ठाकुर, पिंकी ठाकुर, सुचिता पंडतानी, धीरज सैनी, सतीश कालीरमन, नरेंद्र गुप्ता, अनिल, तरुण जैन, सरिता, भैरव झा, सागर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर आदर्श नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरुवार** को देशभर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। हर कोई भगवान हनुमान की आराधना में लीन रहा। इस दौरान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, तो वहीं जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई।

मंदिरों में भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई और लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसी क्रम में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा की शुरूआत मजलिस पार्क के ए ब्लॉक के प्राचीन शिव मंदिर से हुई। इसके बाद यह शोभायात्रा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों से होते हुई मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों से गुजरती हुई अपने गंतव्य स्थल केवल पार्क जनता भवन पहुंची। इस दौरान विभिन्न जगहों पर शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इनमें मुख्य तौर पर राकेश भारद्वाज चौक, मजलिस पार्क गली नम्बर-7 सहित केवल पार्क के विभिन्न मंदिरों से होती हुई यह यात्रा जनता भवन पहुंची। दिन में शोभा यात्रा निकाले जाने के बाद शाम को केवल पार्क जनता भवन में भव्य सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान केवल पार्क व आस-पास के क्षेत्रों के हनुमान भक्त बड़ी संख्या में सुन्दरकांड पाठ में शामिल हुए। सुन्दरकांड पाठ के दौरान भजन गायिका और अन्य गायको ने भी पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। शोभा यात्रा के दौरान खास बात यह रही कि क्षेत्रवासियों में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यही कारण था कि क्षेत्रीय लोगों ने अपने घरों बालकोनियों से पुष्पवर्षा की। खासतौर पर महिलाओं में नाच-गाकर हनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। सुन्दरकांड पाठ के दौरान गणमान्य लोगों से बाकयादा आहुति भी डलवाई गई। वहीं, बाबा के भवन की जिम्मेवारी महंत अनिल शर्मा ने बखूबी संभाली। उन्होंने आये हुए अतिथियों से आहुति डालवा कर धर्म लाभ कामने का सौभाग्य प्राप्त किया।

इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन कुमार शर्मा, धीरपुर वार्ड के निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, आरडब्ल्यूए प्रधान सुभाष दीक्षित, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, नीरज कपूर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।











# भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच जहांगीरपुरी में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल शोभा यात्रा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी मौजूदगी में जहांगीरपुरी इलाके में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए संवेदनशील इलाके में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद् (बजरंग दल) ने किया। इस यात्रा की शुरूआत जय मां दुर्गा मंदिर ईई ब्लॉक जहांगीरपुरी से हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री इन्द्रप्रस्थ क्षेत्र मुकेश खाण्डेकर, प्रांत मंत्री विश्व हिन्दू परिषद् सुरेश गुप्ता, प्रांत सह संयोजक बजरंग दल जगजीत सिंह गोल्डी, भाजपा नेता कपिल मिश्रा, विभाग मंत्री विश्व हिन्दू परिषद् राजीव जी, विभाग संयोजक बजरंग दल कुलदीप चौहान के अलावा महामंत्री दिल्ली संत महामंडण्डल महंत श्री नवल किशोर दास जी महाराज और प्रांत धर्म प्रसार सह संयोजक विश्व हिन्दू परिषद् महंत उमेश पुरी जी के आशीवर्चन रहे। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र बुद्धिराजा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र बब्बल, जिला उपाध्यक्ष कौशल गर्ग, पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, जिला सहसंयोजक अनिल राणा, गोपाल झा जिला मंत्री, प्रेम शर्मा जिला सहमंत्री विश्व हिन्दू परिषद्, मुकेश कुमार, गुलशन, रामनरेश, आशीष गुप्ता, जिला सह संयोजक बजरंग दल संजय, अशोक, जिला संयोजिका अंजना, विजेन्द्र यादव, सुमित यादव युवा मोर्चा महामंत्री दिल्ली प्रदेश, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, गोपाल मिश्रा, विक्रम कश्यप, इन्द्रजीत मुखी, अंकित त्यागी, शंकर होती सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस यात्रा में कई प्रमुख वक्ताओं ने अपने-अपने विचार भी रखे।





**सुरेन्द्र बुद्धिराजा, जिला अध्यक्ष, जिला मुखर्जी नगर विश्व हिन्दू परिषद्:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में विशाल रूप में हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। लोगों ने जब जय श्रीराम के जयकारे लगाये, तो पूरा जहांगीरपुरी भक्तमय हो गया और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

# मजलिस पार्क: श्रीराम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान हनुमान जन्मोत्सव






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर स्थित मजलिस पार्क के श्रीराम मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राम नाटक संकीर्तन मंडल ने किया। कार्यक्रम में रामधुन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। भक्तिमय कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने जहां शिरकत की, वहीं रामधुन पर थिरकते हुए नजर आए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजनकर्ता प्रधान नरेश टंडन, महासचिव सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील खन्ना ने आये हुए भक्तों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, अधिवक्ता रोहित त्यागी, विजय जिन्दल, क्लब पंजाबिया दा के प्रधान रामकुमार बराड़ सहित कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के कोषाध्यक्ष नीरज कपूर, संयोजक सुरेन्द्र चौधरी, महंत अनिल शर्मा सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर नरेश टंडन ने कहा कि भगवान श्रीराम के कार्य सिद्ध करने वाले हनुमान जी साक्षात रुद्रावतार और संकट मोचन हैं। केसरी नंदन हनुमान जी अतुलित बल के प्रतीक हैं। उनका बल दूसरों के कार्यों को सिद्ध करने और दुखों को दूर करने में खर्च होता है। यदि सच्चे मन से महाबली पवन पुत्र की आराधना की जाए तो वह अपने भक्त का हर मनोरथ पूर्ण कर देते हैं। वहीं सुनील खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी को मारुति नंदन, बजरंगबली आदि के नाम से भी जाना जाता है। वह महावीर भी हैं और हर युग में अपने भक्तों की समस्याओं का समाधान करते है। माना जाता है कि हनुमान जी एक ऐसे देवता है जो थोड़ी-सी प्रार्थना और पूजा से ही शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। मंगलवार और शनिवार हनुमान जी के पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ दिन हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 07 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### मटका कुल्फी खाने से बीमार हुए 40 लोग

**खरगोन:** जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र के राजपुरा और छटलगांव के बीच बुधवार की रात एक दिवसीय रेणुका माता के मेले में मटका कुल्फी खाने से करीब 40 लोग बीमार हो गए। पेट दर्द के साथ उल्टी दस्त की शिकायत के बाद नागझिरी, राजपुरा, छटलगांव, बडगांव, घट्टी और बलगांव के लोगों को जिला अस्पताल खरगोन में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, राजपुरा और छटलगांव के बीच स्थित रेणुका माता मंदिर पर बुधवार को एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया था, जिसमें आसपास के गांवों के लोग शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि यहां मटका कुल्फी खाने के बाद करीब 40 लोग फूड पायजनिंग के शिकार हो गए, जिसमें 16 बच्चे भी शामिल है। उल्टी-दस्त की शिकायत होने के बाद देर रात करीब एक बजे सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो बच्चों को छोड़कर सभी मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रही है। सभी मरीजों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी मिलने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिह परिहार, मेनगांव थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह सहित प्रशासनिक अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बीमार लोगों का कहना है कि मटका कुल्फी खाने के बाद उनकी तबियत खराब हो गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### बच्चे रामायण-महाभारत के पात्रों से होंगे अवगत

**टीम इंडिया/ऋषिकेश**
**उत्तराखंड सरकार ने** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के वर्ष 2023- 2024 से लागू की गई नई शिक्षा नीति के दौरान अभी तक विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाले इतिहास को हटाकर नए सिरे से भारतीय संस्कृति के अनुरूप जोड़े गए इतिहास को किताबों में शामिल करते हुए लागू कर दिया गया है। इसमें कक्षा पहली से लेकर इंटर की किताबों में काफी परिवर्तन किया गया है। इन किताबों में दूसरी कक्षा में महाभारत काल से लेकर रामायण में उल्लेखित भगवान श्री राम के साथ ऋषि-मुनियों, के अतिरिक्त महाभारत के पात्रों के जीवन और भारत के सभी धार्मिक स्थलों ,तीर्थ स्थलों, पर्वतों पर आधारित राम जन्म से लेकर लंका दहन तक के सभी पात्रों की भूमिका को भी पढ़ाया जाएगा। इसी के साथ यह भी साफ कर दिया गया है कि उत्तराखंड के बच्चे अब मुगलकलीन इतिहास को नहीं पढ़ेंगे, यहां सरकारी स्कूलों में एनसीआरटीसी का पैटर्न लागू किए जाने से शिक्षक भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। शिक्षकों का कहना था कि इतिहास की किताबों से मुगलकाल का इतिहास काफी समय हटा देना चाहिए था क्योंकि उस इतिहास से वर्तमान छात्र-छात्राओं को गलत शिक्षा दी जा रही थी, जिसके कारण वर्तमान पीढ़ी को भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं हो रहा था, जो पूरी तरह हमारे आराध्य देवी देवताओं से भी विमुख हो रहे थे।

# 'जिंदगी बदलने का अभियान है लाड़ली बहना योजना'

## गरीब पीड़ित, किसान महिला पुरुष के हित चिंतक है मुख्यमंत्री, मुरैना में 300 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

### रैलियां होंगी जोरदार

महिलाओं के उत्थान हेतु एवं बेटियों को कोक में मरने से बचाने के लिये लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की गई

**टीम एक्शन इंडिया/मुरैना**
**मध्यप्रदेश** में लाड़ली बहना योजना नहीं हैं बल्कि महिलाओं की जिंदगी बदलने का अभियान है। उत्तर भारत के अधिकांश क्षेत्रों में कुछ समय पहले तक कोख में ही बेटी को मारने का पाप किया जाता था। बेटा-बेटी में भेदभाव के कारण बेटों को अधिक महत्व मिलता था, लेकिन यह सर्वविधित है कि बेटी के बिना यह श्रृष्टी चल नहीं सकती, इसलिये हमने महिलाओं, बेटियों के उत्थान के लिये अनेक योजनायें संचालित कीं हैं, इनसे बेटी व महिला के साथ उनका परिवार भी सशक्त हो रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को



मुरैना के स्टेडियम में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन के दौरान सरकार की योजनाओं के विषय में महिलाओं को अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं के उत्थान हेतु एवं बेटियों को कोक में मरने से बचाने के लिये लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान जैसी योजनायें आरंभ कीं। इसके साथ ही महिलाओं को राजनैतिक, सामाजिक रूप से ताकतवर बनाने के लिये पंच से लेकर जिला पंचायत, नगरीय निकाय के चुनाव में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। अब आगामी भविष्य में पुलिस व शिक्षा विभाग की नौकरी में 50 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिये निर्धारित किये गये हैं। बेहतर भविष्य के लिये अधिक से अधिक सम्पत्ति महिलाओं के पास हो, इस हेतु पंजीयन के स्टाम्प शुल्क में एक प्रतिशत सम्पत्ति क्रय करने पर निर्धारित किया। जबकि पुरुष के



लिये तीन प्रतिशत किया गया। आज इस नियम का लाभ महिलाओं को अत्यधिक रूप से मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुये कहा कि उनके राज्य में स्वास्थ्य का जो बजट 588 करोड़ रुपए था उसे हमने बढ़ाकर 11988 करोड़ रुपए कर दिया। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में भी कुछ नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की वृद्धि पर विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुये कहा कि 50 वर्षों में जो कार्य नहीं हुये वह स्वास्थ्य विभाग ने तीन वर्ष में कर दिखायें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं की उपलब्धि से अवगत कराते हुये कहा कि विभाग की यह जनसेवा अभूतपूर्व है। विभाग ने कोविड के दौरान सबसे बड़ी सेवा की। कार्यक्रम में उपस्थित हजारों लाड़ली बहिनाओं से अपील की कि कोविड़ बढ़ रहा है सावधानी की जरूरत है।

### विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

**मुख्यमंत्री** ने कन्यापूजन कर मध्यप्रदेश को 1942 करोड़ रुपए की सौंगात दी। इसमें मुरैना के भी 388 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, केन्द्रीय कृषि मंत्री, मध्यप्रदेश शासन के मंत्रीगण, निगम चेयरमैन का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुये स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज दी गई सेवाओं के विषय में अवगत कराया। वहीं उद्यानिकी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने मुरैना आगमन पर मुख्यमंत्री का हार्दिक स्वागत वंदन, अभिनंदन किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पीड़ित, गरीब, किसान, महिला, पुरुष के हित की चिंता करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि गरीब के जीवन में बदलाव, किसान के घर में खुशहाली, लाड़ली बहना को खुश रखने के साथ-साथ आम गरीब, पीड़ित को घर, बिजली, गैस, पानी, बीमारी का इलाज की व्यवस्था मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की है।
मध्यप्रदेश के साथ-साथ चम्बलांचल के क्षेत्र में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराने के लिये मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए की संरचनाओं से अंचल की दिशा बदलने का कार्य किया गया है।

## कांग्रेस से आआपा में आए रिंकू होंगे जालंधर से प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जालंधर लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के दौरान सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सुशील कुमार रिंकू को पार्टी प्रत्याशी घोषित कर दिया है। रिंकू बुधवार को ही कांग्रेस छोड़कर आआपा में शामिल हुए थे। आआपा द्वारा रिंकू को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कांग्रेस ने सरकार को घेर लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को ट्वीट करके सुशील कुमार रिंकू को जालंधर से प्रत्याशी घोषित करने के बारे में जानकारी दी। सुशील कुमार रिंकू पहले कांग्रेस पार्टी में थे और वो कल ही आम आदमी पार्टी में शामिल हुए



थे। कांग्रेस के बाद आम आदमी पार्टी दूसरी ऐसी पार्टी बन गई है, जिसने जालंधर उपचुनाव के लिए उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने दिवंगत सांसद संतोष चौधरी की पत्नी कर्मजीत कौर को चुनावी मैदान में उतार रखा है। भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल-बसपा गठजोड़ ने अभी तक अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है।

## पीएम का दिल जीतने का संदेश प्रेरणादायी: धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**भाजपा** ने गुरुवार को अपना 44वां स्थापना दिवस प्रदेश के लगभग 11 हजार पोलिंग बूथों और 2772 शक्ति केंद्रों में प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल उद्बोधन के साथ मनाया। प्रदेश कार्यालय में हुए मुख्य कार्यक्रम में सीएम पुष्कर धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जनता का दिल जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री के वर्चुअली संबोधन से पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस और सभी प्रदेशवासियों को हनुमान



जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उन सभी कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की, जिन्होंने अपना जीवन लगाकर भाजपा जैसे पौधे को लगाया और वह आज वटवृक्ष बनकर कर भारत की सेवा कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जनता का दिल जीतने का जो लक्ष्य आज के अपने प्रेरणादायी संबोधन में दिया है, उसको लेकर भाजपा और उनकी सरकार प्राण प्रण से कार्य करेगी। हमारे इन कामों में पार्टी के

### पोलिंग केंद्र

उन सभी कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की, जिन्होंने अपना जीवन लगाकर भाजपा जैसे पौधे को लगाया

मार्गदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अंत्योदय विचारों और राष्ट्रसेवा के भाव समाहित रहेंगे । प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी की विकास यात्रा की विस्तार से जानकारी देते हुए पार्टी के उन तमाम वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं को याद किया, जिनके बूते पार्टी राज्य में लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची है।

## सुरक्षाकर्मी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** पुलिस के आईजी के चंडीगढ़ आवास पर तैनात एक कांस्टेबल ने बीती रात सर्विस गन से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों के पहुंचने के बाद आज उसका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पंजाब पुलिस के आईजी राकेश अग्रवाल के चंडीगढ़ आवास पर कांस्टेबल सुशील कुमार बतौर संतरी तैनात था। सुशील कुमार ने बीती रात आईजी आवास पर ड्यूटी के समय अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सुशील कुमार मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का रहने वाला था।

## चेन्नई एयरपोर्ट के अत्याधुनिक टर्मिनल से कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि चेन्नई हवाई अड्डे पर नया अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल भवन चेन्नई के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि इससे कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। एक ट्वीट थ्रेड में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सूचित किया कि चेन्नई हवाई अड्डे पर नए अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल भवन के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी 08 अप्रैल



को करेंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, यह चेन्नई के बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण होगा। यह कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पूरे देश के लिए खुशी की बात है कि स्वच्छ भारत मिशन ने हमारी गरीब माताओं और बहनों के जीवन को सशक्त बनाने का काम किया है। मोदी ने गरीब माताओं और बहनों के लिए शौचालयों के महत्व को दर्शाने वाला एक रचनात्मक वीडियो क्लिप भी साझा किया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, देशभर के लिए यह हर्ष का विषय है कि स्वच्छ भारत मिशन ने हमारी गरीब माताओं और बहनों के जीवन को सशक्त बनाने का काम किया है।

## 'तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे कमलनाथ'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**कांग्रेस के** प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ द्वारा बुधवार को रोजा इफ्तार के एक कार्यक्रम में देश में हो रहे दंगों को लेकर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने कमल नाथ के बयान को तुष्टीकरण की राजनीति बताते हुए निंदनीय करार दिया। वहीं, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी कमलनाथ पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री चौहान ने गुरुवार को अपने नियमित पौधारोपण कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कमल नाथ के



बयान से उनकी कुटिलता जाहिर होती है। एक तरफ वह हनुमान भक्त होने का प्रचार करते हैं और दूसरी ओर रोजा इफ्तार में जाकर दंगे-फसाद की बात करते हैं। यह स्तरहीन और घटिया राजनीति है- डर दिखाओ और वोट पाओ। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शांति का टापू है। यहां पर कहां दंगे हो रहे हैं। ये कुटिलता है, तुष्टीकरण है, जो करके कमल नाथ वोट हासिल करना चाह रहे हैं।


## ज्ञानवापी मस्जिद में सील एरिया के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में 14 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद में सील एरिया का मुद्दा मुस्लिम पक्ष की ओर से वकील हुजैफा अहमदी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने उठाया। उसके बाद कोर्ट ने 14 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। अंजुमन इंतजामिया कमेटी की ओर से वकील हुजैफा अहमदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी मस्जिद में एरिया सील कर दिया गया है। पीछे बाथरूम हैं, उन्हें भी सील कर दिया गया है।

**उपलब्धि** योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि, सबसे ज्यादा नल कनेक्शन देने में तीसरे स्थान पर पहुंचा उप्र

## नल कनेक्शन देने के मामले में उप्र ने राजस्थान को भी पछाड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने हर घर नल योजना में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नल कनेक्शन देने के मामले में उत्तर प्रदेश ने जहां राजस्थान को पछाड़ा है वहीं सबसे अधिक नल कनेक्शन देने में देशभर में यह तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उप्र ने गुरुवार तक 97 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का कहना है कि देश में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले राज्यों में बिहार और महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। जल जीवन मिशन की हर घर जल



योजना से पांच करोड़ से अधिक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिलने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक उप्र ने गुरुवार तक 97,11,717 परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। योजना से 5,82,70,302 से अधिक ग्रामीण लभान्वित हो रहे हैं, जबकि राजस्थान में 39,33,140 नल कनेक्शन दिये गये हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना से उप्र के 36.59 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचाने का सपना पूरा हो चुका है। वहीं राजस्थान में 36.47 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचा है। उन्होंने कहा कि उप्र में जहां प्रत्येक दिन लगभग 40 हजार से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन दिये जा रहे हैं। वहीं राजस्थान में यह आंकड़ा 5 हजार से अधिक है। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव की ओर से निरंतर किये जा रहे योजनाओं के निरीक्षण, समीक्षा बैठकों के साथ योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराए जाने के प्रयासों से हर घर जल योजना उप्र में नित नई उपलब्धियां हासिल कर रही है।

